e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
ताजा खबरों के लिए देखें
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
वर्ष 11, अंक 318
रविवार
24.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
मरहम जैसे होते है कुछ लोग शब्द बोलते ही हर दर्द गायब हो जाता है!

# झारखंड में फिर हेमंत राज

| सबसे बड़ी पार्टी | दूसरी सबसे बड़ी पार्टी | तीसरी सबसे बड़ी पार्टी |
|---|---|---|
| झामुमो 34 | भाजपा 21 | कांग्रेस 16 |

**अन्य के खाते में 10 सीट**

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जीत का श्रेय परिवार को दिया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है.गठबंधन को जहां 56 सीटें मिली हैं, वहीं एनडीए के खाते में 24 सीट आई. इस चुनाव में कई चौंकाने वाले परिणाम भी सामने आए. झारखंड सरकार में मंत्री रहे मिथिलेश ठाकुर को अपनी सीट गवांनी पड़ी. वहीं पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे जेएलकेएम के अध्यक्ष जयराम कुमार महतो ने शानदार जीत दर्ज की. उन्होंने डुमरी सीट से बेबी देवी को हराया. वहीं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को भी हार का सामना करना पड़ा. उन्हें झामुमो के उमाकांत रजक ने शिकस्त दी. इस चुनाव में बड़े चेहरों में शुमार कई नेताओं ने जीत दर्ज की. सीएम हेमंत सोरेन ने बरहेट से आसानी से जीत हासिल कर ली. वहीं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को भाजपा की मुनिया देवी ने कड़ा मुकाबला दिया. हालांकि, अंत में कल्पना जीतने में सफल रहीं. सरायकेला से चंपाई सोरेन ने जीत हासिल की. वहीं जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय ने जीत हासिल की. उन्होंने मंत्री बन्ना गुप्ता को हराया. इसके अलावा रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा भी चुनाव जीतने में सफल रहीं. इधर इंडिया गठबंधन की शानदार जीत के बाद सीएम हेमंत सोरेन अपने आवास पर मीडिया को संबोधित किया. सीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया. राज्य के मतदाताओं का आभार.लोकतंत्र के इस महापर्व को बहुत उत्साह से लोगों ने मनाया.महिलाओं और नौजवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया.जीतने भी लोग चुनावी मैदान में थे, सभी को आभार.सीएम ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि 56 सीट हमने जीती है.अबुआ राज अबुआ सरकार का इतिहास झारखंड में गढ़ने जा रहे हैं. पहली बार ऐसा चुनाव देखा. लोकतंत्र की परीक्षा हमने पास की. सीएम ने प्रधानमंत्री के बधाई देने पर उनका शुक्रिया अदा किया. सीएम के साथ कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो, प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, सुप्रीमो भट्टाचार्य और विनोद पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे.

**रांची** : झारखंड की सियासत में पहली बार ऐसा हुआ है जब सत्तारूढ़ दल ने दोबारा जोरदार वापसी की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस जीत का श्रेय अपने परिवार को दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को अपने बच्चों के साथ तस्वीर पोस्ट कर लिखा है-मेरी शक्ति।



## 81 विधानसभा सीटों के विजेता

| | | |
|---|---|---|
| बाघमारा | : शत्रुघन महतो | बीजेपी |
| बगोदर | : नागेंद्र महतो | बीजेपी |
| बहरागोड़ा | : समीर कुमार मोहंती | जेएमएम |
| बरहेट | : हेमंत सोरेन | जेएमएम |
| बरही | : मनोज कु0 यादव | बीजेपी |
| बरकागांव | : रौशनलाल चौधरी | बीजेपी |
| बरकट्ठा | : जानकी प्रसाद यादव | जेएमएम |
| बेरमो | : कुमार जयमंगल | कांग्रेस |
| भवनाथपुर | : अनंत प्रताप देव | जेएमएम |
| बिश्रामपुर | : नरेश प्रसाद सिंह | राजद |
| विशुनपुर | : चमरा लिंडा | जेएमएम |
| बोकारो | : श्वेता सिंह | कांग्रेस |
| बोरियो | : धनंजय सोरेन | जेएमएम |
| चाईबासा | : दीपक बेरुआ | जेएमएम |
| चक्रधरपुर | : सुखराम ओरेन | जेएमएम |
| चंदनकियारी | : उमाकांत रजक | जेएमएम |
| चतरा | : जनार्धन पासवान लोजपा (रामविलास) | |
| छतरपुर | : राधा कृष्ण किशोर | कांग्रेस |
| डाल्टनगंज | : आलोक कु0 चौरसिया | बीजेपी |
| देवघर | : सुरेश पासवान | राजद |
| धनबाद | : राज सिन्हा | बीजेपी |
| धनवार | : बाबूलाल मरांडी | बीजेपी |
| दुमका | : बसंत सोरेन | जेएमएम |
| डुमरी | : जयराम महतो | जेकेएलएम |
| गांडेय | : कल्पना सोरेन | जेएमएम |
| गढ़वा | : सत्येंद्रनाथ तिवारी | बीजेपी |
| घाटशिला | : रामदास सोरेन | जेएमएम |
| गिरिडीह | : सुदिव्य कुमार सोनू | जेएमएम |
| गोड्डा | : संजय प्रसाद यादव | राजद |
| गोमिया | : योगेंद्र प्रसाद | जेएमएम |
| गुमला | : भूषण तिर्की | जेएमएम |
| हटिया | : नवीन जयसवाल | बीजेपी |
| हजारीबाग | : प्रदीप प्रसाद | बीजेपी |
| हुसैनाबाद | : संजय कु0 सिंह यादव | राजद |
| ईचागढ़ | : सबिता महतो | जेएमएम |
| जगन्नाथपुर | : सोनाराम सिंकू | कांग्रेस |
| जामा | : लुईस मरांडी | जेएमएम |
| जमशेदपुर पूर्व | : पूर्णिमा साहू | बीजेपी |
| जमशेदपुर प0 | : सरयू राय | जदयू |
| जामताड़ा | : इरफान अंसारी | कांग्रेस |
| जमुआ | : मंजू कुमारी | बीजेपी |
| जरमुण्डी | : देवेंद्र कुंवर | बीजेपी |
| झरिया | : रागिनी सिंह | बीजेपी |
| जुगसलाई | : मंगल कालिंदी | जेएमएम |
| कांके | : सुरेश कुमार बैठा | कांग्रेस |
| खरसावां | : दशरत गगराई | जेएमएम |
| खिजरी | : राजेश कच्छप | कांग्रेस |
| खूंटी | : राम सूर्या मुंडा | जेएमएम |
| कोडरमा | : डॉ नीरा यादव | बीजेपी |
| कोलेबिरा | : नमन बिक्सल कोंगारी | कांग्रेस |
| लातेहार | : प्रकाश राम | बीजेपी |
| लिट्टीपाड़ा | : हेमालाल मुर्मू | जेएमएम |
| लोहरदगा | : रामेश्वर उरांव | कांग्रेस |
| मधुपुर | : हफीजुल हसन | जेएमएम |
| महगामा | : दीपिका पांडे | कांग्रेस |
| महेशपुर | : स्टीफन मरांडी | जेएमएम |
| मझगांव | : नीरल पुर्ति | जेएमएम |
| मंडर | : शिल्पा नेहा तिर्की | कांग्रेस |
| मांडू | : निर्मल मेहतो | आजसू |
| मनिका | : राम चंद्र सिंह | कांग्रेस |
| मनोहरपुर | : जगत माझी | जेएमएम |
| नाला | : रबिंद्रनाथ महतो | जेएमएम |
| निरसा | : अरूप चटर्जी | सीपीआईएमएल |
| पाकुड़ | : निसत आलम | कांग्रेस |
| पांकी | : शशिभूषण मेहता | बीजेपी |
| पोड़ैयाहाट | : प्रदीप यादव | कांग्रेस |
| पोटका | : संजीब सरदार | जेएमएम |
| राजमहल | : मोहम्मद तज्जुद्दीन | जेएमएम |
| रामगढ़ | : ममता देवी | कांग्रेस |
| रांची | : चंद्रशेखर प्रसाद सिंह | बीजेपी |
| सारठ | : उदय शंकर सिंह | जेएमएम |
| सरायकेला | : चंपई सोरेन | बीजेपी |
| शिकारीपाड़ा | : आलोक कुमार सोरेन | जेएमएम |
| सिल्ली | : अमित कुमार | जेएमएम |
| सिमरिया | : कुमार उज्जवल | बीजेपी |
| सिमडेगा | : भूषण बाड़ा | कांग्रेस |
| सिंदरी | : चंद्रदेव मेहतो | सीपीआईएमएल |
| सिसई | : जिगा सुसारन होरो | जेएमएम |
| तमाड़ | : विकास कुमार मुंडा | जेएमएम |
| तोरपा | : सुदीप गुड़िया | जेएमएम |
| टुंडी | : मथुरा प्रसाद महतो | जेएमएम |

## झारखंड विस चुनावः हेमंत सोरेन सरकार के चार मंत्री हारे

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में राज्य की सभी 81 सीटों के नतीजे आ गये हैं। इंडिया गठबंधन को बहुमत मिल गया है। राज्य में अब हेमंत सोरेन की अगुवाई में गठबंधन की सरकार बननी तय हो गयी है। हालांकि, कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन सरकार के चार मंत्री चुनाव हार गए हैं। इनमें गढ़वा से पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, लातेहार से शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम, डुमरी से बेबी देवी और पश्चिमी जमशेदपुर से बन्ना गुप्ता शामिल हैं। हेमंत सोरेन सरकार को मिली प्रचंड जीत के बावजूद कैबिनेट के चार मंत्री हार गए। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा के विकास के लिए कई काम किए लेकिन मतदाताओं के धुव्रीकरण के कारण उनको हार का सामना करना पड़ा। विकास का मुद्दा गढ़वा में नहीं चला। मंत्री बन्ना गुप्ता को उनके कट्टर राजनीतिक विरोधी जदयू प्रत्याशी सरयू राय ने बुरी तरह परास्त किया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

## नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने स्वीकारी हार



**रांची** : भाजपा के पूर्व विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा है- क्या हार में, क्या जीत में किंचित नहीं भयभीत मैं, कर्तव्य पथ पर जो भी मिला ये भी सही, वो भी सही, वरदान नहीं मांगूंगा, हो कुछ पर हार नहीं मानूंगा और मजबूती से वापस आऊंगा। अमर बाउरी को झामुमो के उमाकांत रजक ने भारी अंतर से पराजित किया है।

### झारखंड : एक और भगवान के दरवाजे पर भाजपा की करारी हार

## पहले राम के द्वार, अब भोले बाबा भी बमके!

**देवघर** : झारखंड विधान सभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, आरजेडी और भाकपा माले का गठबंधन एक बार फिर से सत्ता में आ रही है। झारखंड विधानसभा चुनाव में अब तक आए रिजल्ट में भोले बाबा की नगरी देवघर का चुनाव रिजल्ट चौंकाने वाला है। देवघर में इंडिया गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी सुरेश पासवान ने जीत दर्ज की है। सुरेश पासवान ने अपने प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी नारायण दास को 39 हजार से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी है। राजद के सुरेश पासवान को पूरे 22 राउंड की गितनी के बाद 1 लाख 56 हजार 079 वोट मिले हैं। वहीं बीजेपी उम्मीदवार नारायण दास को 1 लाख 16 हजार 358 मत हासिल हुए हैं।

**देवघर में बीजेपी की हारः** हिंन्दुत्व बीजेपी का कोर मुद्दा रहा है। यही वजह है कि सत्ता में आने के बाद से बीजेपी हिन्दुओं के प्रमुख तीर्थ स्थलों वाले शहरों में काफी विकास कार्य करवाए हैं। भोले बाबा के त्रिशुल पर बसे नगर वाराणसी में काशी विश्वानाथ कॉरिडोर की बात हो या उज्जैन में महाकाल लोक, अयोध्या में बहुप्रतिक्षित भगवान राम का मंदिर स्थापना हो। तमाम धार्मिक नगरी में बीजेपी ने जमकर विकास कार्य कराए हैं। इसी तरह भोले बाबा की नगरी देवघर में एयरपोर्ट निर्माण कराया गया। धार्मिक नगरों में विकास कार्य कराए जाने के बाद भी बीजेपी को इन जगहों पर हार मिल रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन और जेएमएम गठबंधन को दी बधाई



रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 का परिणाम आने के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जेएमएम गठबंधन को झारखंड में विजय के लिए बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा, मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा सबसे आगे रहेंगे। मैं राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी बधाई देता हूं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रेस को संबोधित किया। हेमंत सोरेन जब मीडिया के सामने आए, तो उनकी दायीं तरफ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन थीं, बायीं ओर कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर थे। दोनों के बीच में हेमंत सोरेन बैठे थे। उन्होंने झारखंड के चुनाव परिणाम के लिए राज्य की जनता को धन्यवाद। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी शुक्रिया कहा। हेमंत सोरेन ने कहा कि भरपूर जनादेश देने के लिए झारखंड की जनता के प्रति आभार। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें इस जीत पर बधाई दी है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रिया।

## जिसने पहचाना वूमेन पावर, उसकी कुर्सी सेफ! शिवराज से हेमंत तक एक ही कहानी



रांची : मौजूदा विधानसभा चुनावों के रिजल्ट से एक ट्रेंड निकल कर सामने आ रहा है। इससे ये अनुमान लगाया जा रहा है कि जिसने भी महिलाओं पर दांव लगाया उसकी कुर्सी सेफ रही। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में डावांडोल चल रहे तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह ने इस आइडिया पर काम किया और महिलाओं को नकद राशि देने की योजना इलेक्शन से ठीक पहले मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना को लॉन्च किया। इसका नतीजा ये रहा कि शिवराज सिंह चौहान न सिर्फ चुनाव जीते, बल्कि पहले से ज्यादा मजबूत स्थिति में उभर कर सामने आए। उसी दौरान राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकार ने ऐसे किसी आइडिया पर काम नहीं किया और सबकुछ ठीक रहते हुए रिजल्ट बिल्कुल उलट आए।

### महिलाओं की वजह से बची कुर्सी

मध्य प्रदेश की लाडली बहन योजना से सीख लेते हुए महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे की सरकार ने लाडकी बहीण और झारखंड की हेमंत सरकार ने मईया सम्मान योजना लॉन्च की। दोनों ही योजनाओं में महिलाओं को हर महीने एकमुश्त नकद राशि देने की गारंटी दी गई। खास बात कि दोनों ही योजनाएं चुनाव से ठीक पहले शुरू की गई। कहा जा रहा है कि इसी का नतीजा है कि दोनों ही राज्यों में महिलाओं का एकमुश्त वोट सत्ताधारी पार्टियों को मिला। इसका नतीजा रहा कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और झारखंड में हेमंत सरकार अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे।

### हर महीने नकद राशि की गारंटी

ऐसी बात नहीं कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड में विपक्षी पार्टियों ने ऐसी योजना को अपनी चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल नहीं किया। मगर, महिलाओं ने सत्ताधारी पर भरोसा जताया। मध्य प्रदेश में 1000 महीने से शुरू हुई ये योजना अब 2100 तक पहुंच गई है। कुछ घोषणा पत्रों में 2500 से लेकर 3000 तक का जिक्र किया गया। मगर, महिलाओं ने मौजूदा सरकार के वादे पर यकीन किया। लिहाजा, एकतरफा जीत सुनिश्चित हुई।

### चुनाव ने कराई वूमेन पावर की पहचान

महाराष्ट्र-झारखंड के रिजल्ट को लेकर कहा जा रहा है कि इस जीत में सबसे बड़ा रोल लाडकी बहीण योजना और मईया सम्मान योजना का है। इस योजना के शुरू होने पर ही सरकार ने ऐलान कर दिया था कि विधानसभा चुनाव में तुरुप का पत्ता साबित होगा। दोनों ही राज्यों की सत्ताधारी पार्टियों की ओर से इसका जोर-शोर से प्रचार-प्रसार भी किया गया। इससे पहले कर्नाटक चुनाव में भी इसी तरह की महालक्ष्मी योजना का असर देखा गया था। जिस तरह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारें महिलाओं की ताकत को भांपने में चूक गई, उसी तरह कर्नाटक में बीजेपी की सरकार वूमेन पावर को पहचान ही नहीं पाई।

# महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन को मिला बहुमत

**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महायुति गठबंधन महाराष्ट्र में सत्ता में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है. यहां भाजपा 133 सीटों पर जीत मिली है. वहीं इसकी सहयोगी पार्टी शिवसेना शिंदे 57 और एनसीपी (अजीत पवार) 41 सीटों पर जीत मिली है. सभी को मिला दें तो एनडीए गंठबंधन यानी महायुति अपने दम पर 232 सीटों पर निर्णायक बढ़त बना ली है. इनके मुकाबले इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा. इंडिया गठबंधन में सबसे अधिक सीटें शिवसेना (यूबीटी) को 20 सीट मिली है. इसके अलावा कांग्रेस को 15, एनसीपी शरद पवार को 10 और एसपी को 2 सीटें मिली हैं. महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन को 52 सीटें मिली है. विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर जनता का धन्यवाद दिया. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि झारखंड के लोगों का इंडिया को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं. प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है. महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे. प्रदेश के सभी मतदाता भाई-बहनों को उनके समर्थन और सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद.



## पीएम मोदी ने महाराष्ट्र की जीत के लिए मतदाताओं का जताया आभार

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिला चुका है। राज्य में भाजपा और उसके सहयोगी 141 सीटों पर आगे है। इसी के साथ इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र में बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। इसी के साथ उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को आश्वासन दिया कि गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ रहा है।

Asarfi Hospital, Dhanbad
1st TIME LIVER & KIDNEY TRANSPLANT CLINIC AT DHANBAD
IN ASSOCIATION WITH
MGM HEALTH CARE CHENNAI
Liver Transplant Specialist
Dr. Thiagarajan Srinivasan
MBBS, MS, DNB (Gastro Surgery)
Kidney Transplant Specialist
Dr. Vikram Sagar TV
MBBS, MRCP (UK), CCT in Renal Medicine (UK), FRCP (Edinburgh), FRCP (London)
Clinic Date : 27th Nov. (Wednesday), 11:00 AM Onward
7808368888 Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# हुसैनाबाद से तीसरी बार विधायक बने संजय कुमार सिह यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से मतदाताओं ने कुल मत 80634 मिला जबकि 34081वोट से महा गठबंधन के राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव को तीसरी बार विधायक बनया जिसमे भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को कुल मत प्राप्त हुए 46553 वहीं संजय कुमार सिंह यादव ने 34081 विजयी हासिल किया इस मौके पर बधाई दिया जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता अलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह झामुमो वरिष्ट नेता एजाज़ हुसैन उर्फ छेदी खान कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव सैयद हसनैन जैदी धनंजय तिवारी डां0 एजाज़ आलम नेहाल असगर मशरूर अहमद जाकिर अलि उर्फ राज अलि अशोक पाल सहित अन्य मतदाताओं ने जीत की दी बधाई।





**संजय कुमार सिह यादव को निर्वाचित होने पर पुरंदर बीघा आवास पर जश्न मनाया गया**

हुसैनाबाद जिले का हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव भारी मतों से विजयी हो गये। वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के कमलेश कुमार सिंह को 34 हजार 81 मतों से हराकर विधायक बनने में सफल रहे। संजय कुमार सिंह यादव हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र से वर्ष 2024 में तीसरी बार निर्वाचित हुए। पहली बार वे वर्ष 2000 में, दूसरी बार वर्ष 2009 में विधायक बने। संजय कुमार सिंह यादव के हुसैनाबाद स्थित पुरंदर बीघा आवास पर राजद कार्यकर्ता व समर्थकों में खुशी की लहर देखी गई। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत की खुशी का इजहार किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया।

## राजद प्रत्याशी की जीत पर कार्यककर्ताओ ने किया आतिशबाजी और बांटी मिठाई



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह की प्रचंड रूप से जीत हासिल करने के बाद शनिवार को प्रखण्ड मुख्यालय कांडी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी जलाए व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों ने आतिश बाजी जलाते हुए एक दूसरे को गले मिलते हुए लड्डू खिला कर मुंह मीठा कराया। बिदित हो कि नरेश प्रसाद सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी को लगभग 14455 मतों से पराजित किया। नरेश प्रसाद सिंह को कुल 73417 व रामचन्द्र चंद्रवंशी को 58962 मत मिले। मौके पर ललन साव, उदुश खलीफा, सनी कुमार, हाशिम खलीफा, नरेश चंद्रवंशी, राजेंद्र पाल, नूरुल मियां, साधु ठाकुर, समसु मियां, नवसाद खलीफा सहित कई लोग शामिल थे।

## झामुमो प्रत्याशी की जीत पर रमना में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा की जीत के बाद रमना में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। सर्वेश्वरी चौक, शहीद भगत सिंह चौक, हरिगणेश मोड़ और रमना बाजार में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।इस मौके पर झामुमो नेता रोहित वर्मा और अनुज चंद्रवंशी ने इसे जनता की जीत करार दिया। उन्होंने कहा, यह जीत उन गरीब परिवारों और बेरोजगार युवाओं की है, जिन्हें अब तक विकास से वंचित रखा गया। लोग इस बार परिवर्तन और गंगा-जमुनी संस्कृति को मजबूत करने के लिए मतदान किए हैं। यह जनता का जवाब है उन नेताओं को, जो केवल जुबानी विकास की गंगा बहाने का दावा करते थे। अनंत प्रताप देव ने भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही को 21,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया।



**जनता का स्पष्ट संदेश**

रमना प्रखंड में भानु प्रताप शाही के प्रभाव वाले क्षेत्रों केतार, भवनाथपुर, और खरौंधी में भी जनता ने झामुमो को समर्थन देकर परिवर्तन का संदेश दिया। इससे पहले के चुनावों में भानु प्रताप शाही इन क्षेत्रों से बढ़त हासिल करते थे, लेकिन इस बार यह ट्रेंड पलट गया।इस अवसर पर झामुमो के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही।मुन्ना पासवान, गंगा चंद्रवंशी, लाला सिंह, नंदु साव, अमरेश उरांव, ललित चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, गोपाल राम के नाम शामिल है।

## झारखंड में द्वेष की राजनीतिक नहीं चलेगी : राजेंद्र प्रसाद सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, कि झारखंड राज्य के जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जनकल्याणकारी योजनाओं को सराहा और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है। यहां की जनता को द्वेष की राजनीति और तोड़ने की राजनीतिक पसंद नहीं है जो भाजपा के लोग बाहर से मुख्यमंत्री बुलाकर सिर्फ और सिर्फ तोड़ने का राजनीति कर रहे थे जिसे यहां की जनता ने जवाब दे दिया है। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि भाजपा को मालूम होना चाहिए कि शेर बनते नहीं ना ही बनाए जाते है, शेर पैदा होते हैं और झारखंड का एक ही शेर है और वह है हेमंत सोरेन उन्होंने कहा कि हमने पहले ही नारा दिया था एक ही नारा हेमंत दोबारा। जनता ने हेमंत के कार्य पर मुहर लगा दिया है, झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलनकारियों की पार्टी है, यह झारखंड की असली पार्टी है। जनता की समस्याओं को समझने वाले और उसे सुलझाने वाल इकलौते नेता हेमंत सोरेन जी ही हैं। जनता ने बहुमत के साथ फिर से झामुमो की नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार पर भरोसा जताया है। इसके लिए जनता को ढेरों धन्यवाद और ढेरों शुभकामनाएं।



## शहर के बड़ा तालाब के पास से 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के पास शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव शहर की पुलिस ने बरामद किया है। व्यक्ति की पहचान शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला निवासी पुकारू नाम नटवा उम्र 50 वर्ष के रूप में की हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना के एएसआई रामजी दास टाइगर मोबाइल के जवान इसरार खान, रोहित कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर शव का इंक्वेस्ट कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वही घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वही इस घटना के बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में पोस्टमार्टम करवा रहे हैं।

## पांकी में भाजपा प्रत्याशी को निर्दलीय ने दिया जबरदस्त टक्कर



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के पलामू जिले की पांकी विधानसभा के वर्तमान विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता हैं। ये बीजेपी के नेता हैं। इन्होंने साल 2019 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के देवेंद्र कुमार सिंह को हराया था। इस बार कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार को बदल दिया था। कांग्रेस ने इस बार के चुनाव में लाल सूरज को अपना चेहरा बनाया था। तो वहीं बीजेपी ने अपने पुराने चेहरे कुशवाहा शशि भूषण को मैदान में उतारा था। इन चुनावों में बीएसपी के जीतेंद्र कुमार भी चुनावी मैदान में थे। डाल्टनगंज में बीजेपी और कांग्रेस में कड़ी टक्कर देखने को मिली।पांकी से कुशवाह शशि भूषण मेहता ने जीत दर्ज कर ली है। उन्हें कुल 75991 वोट मिले हैं। इंडिपेंडेंट उम्मीदवार देवेंद्र कुमार सिंह को कुल 66195 वोट मिले हैं। दोनों लोगों के बीच हार-जीत का अंतर 9796 रहा है।भाजपा के आलोक कुमार महज 890 मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने कुल 102175 वोट प्राप्त किए। कांग्रेस के कृष्ण नंद त्रिपाठी ने कुल 101285 मत प्राप्त किए हैं।वही पलामू जिले की बिश्रामपुर विधानसभा से आरजेडी के नरेश प्रसाद सिंह ने जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 74338 वोट मिले हैं। दूसरे पायदान पर बीजेपी के रामचंद्र चंद्रवंशी रहे। उन्हें कुल 59751 वोट मिले हैं। दोनों के बीच 14587 वोटों का फासला।हुसैनाबाद से आरजेडी के संजय कुमार सिंह यादव आगे हैं। उन्हें अब तक 65090 वोट मिले हैं। दूसरे पायदान पर बीजेपी के कमलेश कुमार सिंह हैं। उन्हें 38019 वोट मिले हैं। दोनों के बीच 27071 फासला है।छतरपुर से कांग्रेस के राधाकृष्ण किशोर आगे चल रहे हैं। उन्हें अब तक 66319 वोट मिले हैं। बीजेपी की पुष्पा देवी को अब तक 65166 वोट मिले हैं। वो राधाकृष्ण से 1153 वोट पीछे चल रही हैं।छतरपुर से कांग्रेस के राधाकृष्ण किशोर आगे हैं। उन्हें अब तक 56100 वोट मिले हैं। बीजेपी की पुष्पा देवी उनसे 3524 वोट पीछे चल रही हैं। अब देखना दिलचस्प होगा क्या बीजेपी इस सीट को जीत पाती है या फिर हार-जीत का ये फासला और भी बढ़ जाता है।

## नरेश सिंह बने विश्रामपुर विधानसभा के नये विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर विधानसभा मे जनता ने किया बदलाव, राष्ट्रीय जनता दल से चुनाव लड़ रहे नरेश सिंह ने जीत दर्ज की, उनकी कुल मत 74338 मिली। वही निकटतम रहे पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी कुल मत 59751 रहा अगर विश्रामपुर विधानसभा की बात की जाए, तो सभी प्रत्याशी ने काफी मशक्कत चुनाव जीतने के लिए दम खम लगाए बैठे थे पर राष्ट्रीय जनता दल को काफी लोगों ने बढ़ चढ़कर मत दिया जिससे नरेश सिंह का रास्ता साफ होते हुए विजय दर्ज किये, कार्यकर्ताओं ने बी मोड पर उन्हें भव्य स्वागत करते हुए फूल माला पहना कर जीत की बधाई दी।

## गढ़वा से भाजपा के सत्येन्द्र नाथ तिवारी तथा भवनाथपुर से झामुमो के आनंत प्रताप देव चुनाव जीते

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी ने राज्य के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को16772 मतों के अंतर से पराजित कर दिया। जबकि भवनाथपुर विधानसभा सभा से झामुमो के अनंत प्रताप देव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के भानु प्रताप शाही को 21462 मत से पराजित किया। सत्येंद्रनाथ तिवारी को कुल 131361 मत प्राप्त हुए, जबकि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को 114589 मत प्राप्त हुए। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी के बीच आमने-सामने का मुकाबला देखने को मिला, यहां से कोई भी अन्य प्रत्याशी तीसरा कोन बनाने में सफल नहीं हुआ। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से कुल 20 प्रत्याशी मैदान में थे, इनमें से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सह 18 सालों तक विधायक रहे गिरनाथ सिंह को तीसरा कोन मानकर राजनीतिक विशेषज्ञ चल रहे थे। इसके अलावा राजनीतिक विशेषज्ञों को अनुमान था कि बहुजन समाज पार्टी एवं ऑल इंडिया मजलिसे एतेहादुल मुस्लेमीन पार्टी को भी सम्मानजनक मत प्राप्त होंगे।लेकिन इनमें से कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने में सफल नहीं हुआ। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 20 टेबल पर 23 राउंड में संपन्न हुई। इसमें से किसी भी राउंड में ओवरऑल भाजपा प्रत्याशी को पीछे नहीं होना पड़ा। यद्यपि गढ़वा प्रखंड के चिनिया, रंका एवं रमकंडा प्रखंड के कुछ इलाकों में क्रमशः 18, 20,22 एवं 23वें राउंड में कुछ अंतर से उन्हें पीछे होना पड़ा था। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गिरनाथ सिंह को 7957, बहुजन समाज पार्टी के अजय कुमार चौधरी को कुल 7621, रविंद्र कुमार सिंह को 4502, रामप्यारे पाल को4091, लव कुमार सिंह को 3139, दो एम एन खान को 2883, लोकनाथ कुमार को 2148, शूजाउद्दीन अंसारी को 1960, सत्येंद्र तिवारी को 1873, परमेश कुमार को 1337, दिलीप कुमार तिवारी को 1006, मनदीप मल्लाह को 904, संतोष कुमार चौबे को 766, हरीश प्रसाद सिंह को 569, गिरिजा नंदन उरांव को 526, गोरखनाथ महतो को416, सुखलाल बाखला को405, सोनू कुमार यादव को 330 तथा नोटा को922 मत प्राप्त हुए।



## भवनाथपुर विधानसभा सीट पर जेएमएम प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने किया जीत दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विधानसभा चुनाव 2024 में भवनाथपुर विधान सभा का परिणाम आ चुका है। चर्चाओं के गर्म बाजार पर शनिवार को पूर्ण विराम लग गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा से चुनाव लड़ रहे अनंत प्रताप देव अपने विरोधी भाजपा के भानुप्रताप शाही को 20172 वोटों से हरा कर जीत दर्ज कर चुके है। चुनाव में अनंत प्रताप देव को कुल 1,39,192 वोट मिले जब कि उनके निकटतम प्रत्ययाशी भाजपा के भानुप्रताप शाही को 1,19,020 वोट मिले। दोनो के हारजीत का अंतर 20,172 वोटों का रहा। मतगणना के पहले राउंड के बाद से ही अंनत प्रताप देव ने बढ़त बनाते हुये 1956 वोट से आगे थे।दूसरे राउंड के बाद 3539 वोट का अंतर,तीसरे राउंड के बाद 1991 वोट का अंतर,5वें राउंड के बाद उनके विरोधी भाजपा के भानुप्रताप शाही सभी अंतर को भरते हुए 9 वोट से आगे निकल गये। जब कि 6वे राउंड के बाद एक बार फिर 1659 वोट से अनंत प्रताप देव आगे निकल गये।7वें राउंड के बाद अनंत प्रताप देव को कुल 39735 वोट तथा भानु प्रताप शाही को 38527 वोट प्राप्त था। दोनो के बीच का अंतर मात्र 1208 मतों का अंतर था। जब कि 8वे राउंड के बाद भानु प्रताप शाही 213 वोट से आगे हो गये थे। 9वे राउंड की गिनती के बाद अनंत प्रताप देव ने 3414 वोट से फिर से बढ़त बना लिया।10 वें राउंड के बाद अनंत ने बनाई भारी बढ़त बनाते हुये अनंत प्रताप देव ने 7313वोट से बढ़त बना लिया। उसके बाद अनंत प्रताप देव ने पीछे मुड़ कर नही देखा।11 वें राउंड में अनंत प्रताप देव 11215 वोट से,12 वें राउंड के बाद दोनो के बीच का अंतर 77476मतों का,13 वें राउंड के बाद निर्णायक बढ़त की ओर बढ़ते हुये अनंतप्रताप देव ने 17361 मतों का बढ़त बना लिया। 14वे राउंड के बाद बढ़त 19261 मतों का हो गया। 15वें राउंड में यह अंतर बढ़ कर 20,108 मतों का हो गया।16 वें राउंड में अनंत प्रताप देव का बढ़त गिर कर 7700 मतो का हो गया।17 वें राउंड में अनंतप्रताप देव का बढ़त फिर से बढ़ कर 10,8774 हो गया।जब कि 18 वें राउंड में अनंत का बढ़त 18,839 वोट से आगे हो गया।19वें राउंड के बाद अनंतप्रताप देव का मतों का अंतर गिर कर 17,694 पर आ गये। 20वें राउंड में वोटों का अंतर 19,840 मतों का हो गया।21वें राउंड में अनंतप्रताप देव ने निर्णायक बढ़त लेते हुये 21,037 मतों का अंतर बना लिया। अंततः अनंतप्रताप देव 20,172 मतों से जीत दर्ज कर लिया।जेएमएम प्रत्याशी अनंतप्रताप देव के जीतने के बाद खरौंधी, केतार, भवनाथपुर, नगर उंटारी सहित सभी प्रखंडों में पटाखे फोड़ते हुये लोगो ने खुशियों जाहिर किया। जगह जगह लोग गली मोहल्ले, चौक-चौराहों पर जमा हो कर हेमंत सोरेन जिंदाबाद, कल्पना सोरेन जिंदाबाद, छोटे राजा जिंदाबाद, ताहिर अंसारी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।



## डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा का चुनाव आलोक चौरसिया ने जीता

### जनता की जीत है : आलोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** तीसरी बार फिर आलोक चौरसिया ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का रण जीत लिया है. चौरसिया ने लगातार तीसरी बार कांग्रेस के कद्दावर नेता सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को चुनाव मैदान में पटकनी दी है. चुनाव जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा की यह जीत डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता की जीत है. जनता ने एक बार फिर से विकास, शांति पर अपना मुहर लगाया है. क्योंकि पांच साल के दौरान उन्होंने न सिर्फ क्षेत्र का विकास किया, बल्कि जनता का विश्वास जीतने का भी काम किया. यह जीत जनता की विश्वास व कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है. श्री चौरसिया ने कहा कि जनता ने जो विश्वास दिखाया है, उससे उनके ऊपर जिम्मेवारी बढ़ी है. जन विश्वास की रक्षा करते हुए वह इलाके में विकास का बेहतर माहौल तैयार करेंगे. जनता की आशा, आकांक्षा की कसौटी पर खरा उतरने के लिए वह पूरी सक्रियता के साथ काम करेंगे. कभी भी वह जनता का विश्वास टूटने नही देंगे. क्योंकि जनता ने लगातार उनपर अपना भरोसा जताया है. जनता ने जो भरोसा हमपर किया है, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करेंगे. उन्होंने कहा कि हमें डालटनगंज की जनता और भारतीय जनता पार्टी पर पूरा विश्वास था.




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# हेमंत सोरेन के आवास में जमकर हुई आतिशबाजी, खूब बंटी मिठाईया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद,माले संयुक्त प्रयास से झारखंड में बहुमत के साथ सरकार बना ली है। इंडिया गठबंधन का सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों को संबोधित किया। राजद, कांग्रेस ,माले के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए और पत्रकारों को संबोधित किया। इसके बाद हेमंत सोरेन के आवास पर जमकर आतिशबाजी हुई, कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और खुशियां मनाई। सभी ने एक स्वर में कहा भाजपा और आजसू मुक्त हुआ झारखंड।

## योगी-मोदी के नारे झारखंड में फेल : सुप्रियो भट्टाचार्य



रांची। योगी-मोदी के नारे बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं। यह नारा महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में पास कर गया। लेकिन झारखंड में फेल हो गया। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य बोले कि वे बांटने-कांटने में जुड़े हैं। हमें जोड़ना आता है। यह लोगों के दिलो-दिमाग में छाया रहा। कल्पना ÷मंईया÷ का जादू भी कमाल कर गया। चुनावी विश्लेषकों का कहना है कि जिस तरीके से भाजपा ने 'बटोगे तो कटोगे' जैसा नारा झारखंड में दिया था। उसका उल्टा असर हुआ है। इस नारे से बिदके लोग पूरी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के साथ खड़े हो गये। वहीं, भाजपा को नुकसान हुआ। झारखंड मुक्ति मोर्चा को इसका लाभ मिला। उपचुनावों में यूपी में भाजपा का जलजला रहा। महाराष्ट्र और उपचुनाव के नतीजों से साफ है कि योगी-मोदी के नारों का मतदाताओं पर खासा असर पड़ा, वहीं झारखंड के वोटर इन नारों से प्रभावित न हो सके। ताजा चुनावी परिणामों से साफ है कि भाजपा का धार्मिक एकजुटता, मोदी योगी की आक्रामक छवि और इन दोनों नेताओं की लोगों से जातियों में न बंटने की अपील काम आई। यूपी में दलितों ने सपा को उस तरह से वोट नहीं किया, जैसे उसने लोकसभा के चुनावों में वोट किया था।

## भाजपा हवा में थी,इसलिए हवा में चली गई : विनोद पांडेय



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि तस्वीर पहले से ही साफ थी कि भाजपा में नहीं आएगी। वह सिर्फ हवा में थी और भाजपा के जो शीर्ष नेता और भाजपा शासित राज्यों के जो मुख्यमंत्री थे वे भी हवा में थे। झारखंड में जो जमीन में रहते हैं जो यहां काम करते हैं, जो यहां के संस्कृति से वाकिफ है , जनता के सुख-दुख में जो शामिल है वे हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा है, कांग्रेस है, राजद है और इसी कारण इंडिया गठबंधन को समर्थन मिला और फिर हम लोग बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। भाजपा को आने वाले दिनों में अभी बहुत सोचना पड़ेगा। जिस तरह से वे लोग लड़ाने का काम किया है, हिंदू मुसलमान और घुसपैठियों की बात की है, राज्य की जनता काफी नाराज है। जनता यहां रोजगार की बात करना चाहती है, शिक्षा की बात करना चाहती है, बेहतर स्वास्थ्य की बात करना चाहती है और झारखंड मुक्ति मोर्चा ,कांग्रेस, राजद,वामद महा गठबंधन की सरकार चल रही थी, वे लगातार जनता के लिए काम कर रही थी । जनता के बीच जो काम किया ,मैइंया सम्मान योजना हो या दो सौ यूनिट फ्री बिजली हो, जेपीएबसी परीक्षा की बात हो , शिक्षा की बात हो तो पूरी तरह से जनता हेमंत सोरेन के काम से संतुष्ट थे। जनता चाहती थी कि हेमंत सोरेन पर और मौका दिया जाए जो कोविद में जो कमी रह गई जो काम तेजी से नहीं हो सका ,जो बच गया उसे फिर से किया जायेगा। इसी सोच के साथ परिणाम आया है कि आज हम लोग सरकार बनाने जा रहे हैं।

## महागठबंधन सरकार के एजेंडा को जनता ने स्वीकारा और बीजेपी की नफरती राजनीति को नकारा है : कैलाश

राष्ट्रीय जनता दल

रांची। प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने इंडिया गठबंधन के जितने वाले सभी प्रत्याशियों को राजद की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं । यादव ने कहा कि राजद ने हुसैनाबाद से संजय सिंह यादव विश्रामपुर से नरेश सिंह देवघर से सुरेश पासवान और गोड्डा से संजय प्र यादव के प्रचंड जीत पर सभी को हार्दिक बधाई एवं गठबंधन के सहयोगी पार्टियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं । यादव ने कहा कि राजद विधानसभा चुनाव में पलामू और संथाल में जीत दर्ज कर राजनीति में एक नया संदेश देने का काम किया है निश्चित रूप से आगामी समय में राजद का संगठन और रणनीति जनप्रिय और ताकतवर होगा । बीजेपी की नफरती और तुष्टिकरण की राजनीति को जनता ने सिरे से खारिज कर दिया है और इंडिया गठबंधन सरकार के कार्यों को सम्मान पूर्वक स्वीकार्य करते हुए राज्य को तेजी से विकसित बनाने के लिए एक प्रचंड मौका दिया है,इस जनादेश का सम्मान करते हुए राज्य की महान जनता जनार्दन को राजद की ओर से वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा, उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, महासचिव आबिद अली, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव मनोज पांडेय, सुनीता चौधरी, प्रणय कु बबलू, अर्जुन यादव, इम्तियाज हुसैन वारसी, रामकुमार यादव, शब्बर फातमी ,चंद्रशेखर भगत, मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्र महतो सहित अन्य लोगों ने सहृदय से बधाई दिया ।

## जनता ने इंडिया गठबंधन पर जताया है भरोसा : मीर



रांची। झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मतगणना के बीच कहा कि पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य में मजबूत प्रदर्शन किया है। मीर ने कहा, यहां पर 2 चरणों में मतगणना हुई थी। कुछ जगह हम छोटे मार्जिन से पीछे हैं और कुछ जगह आगे। अभी 2 से 4 बजे तक का इंतजार करना चाहिए क्योंकि मतगणना जारी है. उन्होंने गठबंधन सरकार के कामकाज पर भरोसा जताते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस ,राजद सरकार ने जनता के लिए बेहतर कार्य किए हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है ।

# राजेश कच्छप दूसरी बार चुनाव जीते



रांची।कांग्रेस से खिजरी के उम्मीदवार राजेश कच्छप ने भारी मतों से चुनाव जीत गये। राजेश ने भाजपा उम्मीदवार रामकुमार पहचान को हरा दिया। राजेश ने बताया कि भाजपा ने भाई भाई को लड़ाने का काम किया, लेकिन जनता ने नकार दिया है। यहां सभी मिलजुलकर लेते हैं और रहेंगे।

## कांके में कमल मुरझाया, कांग्रेस पहली बार जीता

रांची। कांके विधानसभा से 22वाँ राउंड का रिजल्ट हुआ फाइनल। कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश बैठा को करीब साढ़े चार हजार वोटों से विजय प्राप्त हुआ है। सुरेश बैठा ने कांके विधानसभा क्षेत्र में नया उम्मीदवार चुनने के लिए कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी भाई बंधुओं को अग्रिम बधाई दी है।

## तमाड़ से विकास सिंह मुंडा ने किया जीत दर्ज

रांची। तमाड़ विधानसभा से झामुमो उम्मीदवार विकास सिंह मुंडा ने जेडयू उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को चुनाव हरा दिया। विकास मुंडा तीसरी बार चुनाव जीते हैं। विकास ने कहा तमाड़ विकास को और तेजी के साथ बढ़ायेगा। जो काम अधूरा है उसे पूरा किया जायेगा।

## जनता का मिला समर्थन, सभी का आभारः नेहा तिर्की

रांची। मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को 22135 वोट से पराजित किया। नेहा ने बताया जो वोट मिला है काम करने और मदद करने पर मिला है। जो काम नहीं हो सका है उसे पूरा किया जायेगा।

## प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की दुर्भाग्यपूर्ण नीति के कारण है यह परिणाम : डॉ. सूरज मंडल

रांची । पूर्व सांसद, पूर्व जैक उपाध्यक्ष और झारखण्ड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि अदूरदर्शी और जड़ से कटे अदूरदर्शी भाजपाइयों के कारण ही झारखण्ड में पुनः एक वैसी सरकार बनेगी जिसने पिछले 5 साल में झारखंडियों की व्यापक स्तर पर न केवल घोर उपेक्षा की है बल्कि इस सरकार ने सभी के बीच दीवार खड़ी कर झारखण्ड एवं यहाँ के सभी लोगों के विकास में रोड़ा अटकाया है.डॉ. मंडल ने कहा कि झारखण्ड में हुए चुनाव जो जनादेश सामने आया है उसके पीछे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की दुर्भाग्यपूर्ण नीति जिम्मेदार है जहाँ झारखण्ड गठन के बाद से ही मूलवासियों और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की घोर उपेक्षा की गयी. उन्होंने कहा कि मरांडी ने मुख्यमंत्री बनते ही ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया जबकि एसटी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढाकर 27 प्रतिशत कर दिया और इसके कारण भाजपा के परंपरागत समर्थकों ओबीसी व मूलवासियों के बीच भाजपा को बहुत अधिक नुकसान हुआ जिसकी भरपायी अबतक नहीं हो पायी है. डॉ. मंडल ने कहा कि 10 जिलों के स्थानीय निकायों में एसटी आरक्षण को शत प्रतिशत कर दिया गया जिसका खामियाजा ओबीसी समुदाय को आजतक भुगतना पड़ रहा है. डॉ. मंडल ने कहा कि केवल श्री मरांडी के मुख्यमंत्री के कार्यकाल और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में श्री मरांडी की गतिविधियों के कारण ही आज झारखण्ड में एक वैसी सरकार बनने का रास्ता निकला है जिसने पिछले 5 साल में तथ्यात्मक रूप से यह प्रमाणित किया है कि वह भ्रष्टाचार में संलिप्त एक वैसी सरकार है जिसका सारा ध्यान अपने स्वार्थ पर ही केंद्रित है और उसने झारखण्ड की प्राकृतिक सम्पदाओं को जमकर लूटा है और इसके लिये उसने झारखण्ड के लोगों के हितों की बलि दे दी. डॉ. मंडल ने कहा कि उन्होंने स्वयं दो माह पहले 29 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर झारखण्ड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बदलने की माँग की थी और श्री मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा को इस सन्दर्भ में कार्रवाई करने को कहा था. प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देश पर उन्होंने 6 अक्टूबर को श्री नड्डा से भी मुलाकात की थी और उन्हें झारखण्ड की जमीनी स्थिति की जानकारी दी थी. लेकिन इस मामले में नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव नहीं किया दूसरी ओर अनेक अवसर पर उनकी बेइज्जती की गयी जिसका बदला इस बार के चुनाव में संथाल परगना के लोगों ने लिया है. डॉ. मंडल ने कहा कि सिर्फ अपने स्वार्थ और 25 करोड़ रूपये के कारण कुछेक भाजपा नेताओं ने झारखण्ड में भाजपा की सुनिश्चित जीत को रोक दिया. डॉ. मंडल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एसटी की पाँच रिजर्व सीट पर कांग्रेस और झामुमो की जीत के बाद भी भाजपा नेतृत्व ने सबक नहीं लिया और यही कारण घातक साबित हुआ.

## लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि : बाबूलाल मरांडी



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी को झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है, लेकिन लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि है। हम जनादेश का सम्मान करते हैं। भाजपा इन परिणामों की गहन समीक्षा करेगी। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने 23 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम अपने वादों के साथ जनता के बीच गए। जनता ने जो फैसला दिया है, हम उसका स्वागत करते हैं। हेमंत सोरेन जी को बधाई देते हैं, जो इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाले नेता हैं। उनको जनता का समर्थन मिला है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई। इस उम्मीद के साथ कि जनता से उन्होंने जो वायदे किए हैं, 2019 की तरह भूला नहीं देंगे। इस बार जो वादा किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में जनता का जो सहयोग मिला, इसके लिए मैं जनता को नमन करता हूं। उनका आदेश स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात को फिर से दोहराना चाहूंगा कि लोकतंत्र में जो विपक्ष की सशक्त भूमिका मिली है, उसे निभाएंगे। झारखंड के हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक सहयोग भी करेंगे। जरूरत पड़ा तो संघर्ष भी करेंगे। डॉ राय ने कहा कि इसी चुनाव के साथ महाराष्ट्र में भी चुनाव संपन्न हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महायुति के रूप में चुनाव लड़ा था। 288 विधानसभा सीट में 228 की अप्रत्याशित बढ़त के साथ वहां की जनता ने भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन का सहयोग किया है। सरकार बनाने का मौका दिया है। महाराष्ट्र की जनता का अपनी तरफ से अभिनंदन करता हूं। महाराष्ट्र की जीत पर हमें खुशी है।डॉ राय ने कहा कि झारखंड के जो परिणाम हैं, उसकी हम समीक्षा करेंगे। चिंतन करेंगे। मंथन करेंगे। फिर भी दोहराएंगे कि झारखंड को हमने बनाया है, तो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए विपक्ष के रूप में भाजपा की जो भूमिका होगी, उसे सशक्त तौर पर निभाएंगे। जनता के साथ कोई खिलवाड़ ना हो, उनके अधिकार का हनन न हो, इस पर हमारी निगाहें रहेगी। हम सचेत रहेंगे। डॉ राय ने कहा कि इस बात की थोड़ी जरूरत फिक्र है कि जो इंडी गठबंधन के नेता हैं, वे कहीं ईवीएम पर सवाल ना उठाएं, क्योंकि महाराष्ट्र में वे ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं कि ईवीएम के कारण भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी जीती है। संभव है कि यहां भी ईवीएम पर सवाल उठाएं। अगर उठाते हैं तो उसका स्वागत है। चुनाव में लोकतंत्र की जीत हुई है। लोकतंत्र के फैसला का हम स्वागत करते हैं।

# कोल्हान में भी इंडिया गठबंधन का दबदबा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजों में इंडिया गठबंधन बहुमत से जीत की ओर है। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक इंडिया गठबंधन 56 सीटों पर आगे थी, जबकि भाजपा एनडीए गठबंधन 24 सीटों पर आगे चल रही थी। उधर कोल्हान के सभी 14 सीटों के रुझान और परिणाम सामने आ गए हैं। यहां भाजपा- एनडीए गठबंधन ने मात्र तीन सीटों पर जीत मिली है, जबकि पश्चिमी सिंहभूम के सभी पांच सीटों पर ÷इंडिया÷ गठबंधन या कहे झामुमो ने अपना कब्जा बरकरार रखा है।



चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी दीपक बिरुआ निकटतम प्रतिद्वंदी गीता बालमुचू को 42532 मतों से हराकर अपनी सीट पर कब्जा बरकार रखा। वहीं मंझगांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा नीरल पूर्ति 94163 वोट लेकर निकटतम प्रत्याशी भाजपा के कुंवर घाघराई को (34560) 34973 मतों से हराया। इस तरह उन्होंने अपनी सीट बरकरार रखी।जमशेदपुर पश्चिम में सरयू राय ने 2014 का इतिहास दोहराया, बन्ना गुप्ता शिकस्त देकर अपने नाम की जीत, वहीं जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सोनाराम सिंकू ने भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को 7383 मतों से हराकर दावा बरकार रखा, जबकि चक्रधरपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सुखराम उरांव ने भी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के शशि भूषण समड को 9310 मतों से हराकर कब्जा बरकरार रखा है। यहां बड़ा निर्णय मनोहरपुर सीट पर हुआ। यहां से पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सांसद जोबा मांझी के पुत्र जगत माझी ने भी जीत का परचम लहराया और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू के डॉक्टर दिनेश चंद्र बोयपाई को 31956 मतों से हरा दिया है।

# मतगणना परिसर में सुरक्षा के थे पुख्ता इंतेजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** जिला के सातों विधानसभा का मतगणना कृषि बाजार पंडरा में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्ना हो गया। उपायुक्त वरुण रंजन,एस एसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल सहित विभिन्न एरिया के डीएसपी एवं थाना प्रभारी मोर्चा संभाले हुए थे । सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे , कोई भी बिना प्रवेश पास का अंदर नहीं जा सकता था। इतना ही नहीं मतगणना स्थल में किसी को मोबाइल भी ले जाना नहीं था । यहां तक की मीडिया कर्मियों का भी मोबाइल ले जाने को नहीं दिया जा रहा था। किसी तरह से कोई चुक ना हो इसको लेकर पुलिस



प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट थी और शानदार तरीके से मतगणना हुई। राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता थे वह सड़क पर ही अपने वाहन लगाकर ढोल बाजे के साथ खुशियां मनाई, मिठाइयां बांटी, पटाखे छोड़े। उपयुक्त वरुण रंजन ने कहा कि निर्वाचन आयोग के जो निर्देश दिए गए थे उसे निर्देश का पालन करते हुए रांची जिला अंतर्गत सिल्ली विधानसभा, मंडार विधानसभा, कांके विधानसभा, खिजरी विधानसभा , हटिया विधानसभा, रांची विधानसभा सभी सीटों पर शांतिपूर्ण तरीके मतगणना करा दिया गया और सभी को जीत की सर्टिफिकेट भी दे दिया गया।

जो देर रात तक पुलिस जवान वहीं पर टिके थे , किसी तरह का कोई चूक ना हो इसलिए एवीएम को पुन सुरक्षित तरीके से सील कर दिया गया।

# झारखंड के इतिहास में पहली बार रिपीट हुई सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश की सत्ता में किसी सरकार का वापसी करना झारखंड के इतिहास में पहली बार हो रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने झारखंड विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज की है। झामुमो और इंडी गठबंधन की जीत का जो सबसे बड़ा फैक्टर माना जा रहा है, वह है मंईयां सम्मान योजना। मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 1000 रुपये दिए जा रहे हैं, जो दिसंबर महीने से 2500 रुपये दिए जाएंगे। इस योजना ने महिलाओं को काफी प्रभावित किया। झारखंड में कई विधासभा सीटों में महिलाओं की वोटिंग अधिक रही। इन महिलाओं ने एनडीए की गोगो दीदी योजना को छोड़कर हेमंत की मईयां सम्मान योजना को खूब पंसद किया और हेमंत सोरेन के सिर पर दुबारा जीत का सेहरा बांध दिया। इस जीत के अगुआ हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को माना जा रहा है। इन दोनों ने ही पूरे चुनाव प्रचार का जिम्मा अपने कंधों पर उठा रखा थी। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने मिलकर 200 से अधिक सभाएं की। इन्होंने झामुमो उम्मीदवारों के साथ-साथ



कांग्रेस और राजद उम्मीदवारों के लिए भी प्रचार किया। इन दोनों ने सभी 81 विधानसभा सीटों पर सभा किया और ये बताने में कामयाब रहे कि बीजेपी ने हेमंत को परेशान किया है और झूठे केस में जेल भेजा है। झारखंड चुनावों से पहले हेमंत सोरेन ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक केस में गिरफ्तार कर लिया। हेमंत कि गिरफ्तारी के बाद झामुमो ने इसे मुद्दा बनाया और लोगों को ये मैसेज देने का प्रयास किया कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते प्रताड़ित किया जा रहा है। झामुमो विक्टिम कार्ड खेलती रही, जिसने कहीं ना कहीं वोटरों को प्रभावित किया। इसके अलावा हेमंत के जेल जाने से उनके खिलाफ लोगों में जो एंटइनकमबेंसी था वह भी कम हो गया और सहानुभूति का फायदा हेमंत सोरेन को हुआ। हेमंत ने अपने पोस्टरों में भी अपने हाथ में जेल का लगा स्टैंप दिखाया था। झारखंड में झामुमो का सबसे बड़ा वोट बैंक आदिवासी और मुस्लिम को माना जाता है। आदिवासियों को हेमंत सोरेन ये समझाने में कामयाब रहे कि उन्हें आदिवासी होने के नाते परेशान किया गया। हेमंत की बातों से आदिवासी कनेक्ट हुए और आदिवासी बहुल इलाकों में झामुमो ने शानदार प्रदर्शन किया। इस रिजल्ट के बाद एक बार फिर से ये कहा जा सकता है कि आदिवासियों में झामुमो की पकड़ को कोई भी कमजोर नहीं कर सकता है। भाजपा का नारा बंटोगे तो कटोगे और एक हैं तो सेफ हैं का नारा बैक फायर कर गया। भाजपा ने संथाल क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ, डेमोग्राफी चेंज और रोटी बेटी माटी का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। पूरे चुनाव में भाजपा का जोर बांग्लादेशी घुसपैठ और आदिवासियों लड़कियों से उनकी शादी के बाद जमीन कब्जे पर रही। झामुमो लगातार लोगों को ये बताने की कोशिश करती रही है कि भाजपा लोगों को बांट रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# खूंटी में ध्वस्त हुआ भाजपा का किला

## राम सूर्या मुंडा ने 42053 वोटों से नीलकंठ सिंह मुंडा को शिकस्त देकर इस सीट से सबसे बड़े अंतर से जीतने का रिकॉर्ड बनाया



### किसको मिले कितना मत

**खूंटी विधानसभा सीट में झामुमो के राम सूर्या मुंडा को 91721 मत, भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा को 49668 मत, बी अनिल कुमार को 3865 वोट, आलोक रितेश डुंगडुंग को 2085 वोट, पास्टर संजय कुमार तिर्की को 2057 वोट, विश्वकर्मा उरांव को 1969 वोट, दुर्गावती ओड़ेया को 1947 वोट, मसीह चरण मुंडा को 1130 वोट, सोमा मुंडा को 795 वोट, सामुएल पूर्ति को 593 वोट और चंपा हेरेंज 465 को वोट मिले जबकि नोटा को 3547 वोट मिले।**

**तोरपा विधानसभा सीट में झामुमो के सुदीप गुड़िया को 80887 मत, भाजपा के कोचे मुंडा को 40240 मत, विल्सन भेंगरा को 2832 मत, बृजेंद्र हेंब्रम को 2356 वोट, सावित्री देवी को 1278 वोट, कुलन पतरस आईंद को 1202 वोट, अनीता सुरीन को 940 वोट, शिवराज बड़ाईक को 795 वोट, विनोद कुमार बड़ाईक को 595 वोट, पुनीत हेमरोम को 553 वोट, रिलन एनम होरो को 324 वोट और सामड़ोम गुड़िया को 306 वोट मिले। यहां नोटा को 3046 वोट मिले।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का किला ध्वस्त हो गया। भाजपा के कद्दावर प्रत्याशी पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा की इस परपंरागत सीट को बचाने में नाकाम रहे। झामुमो प्रत्याशी राम सूर्या मुंडा ने एकतरफा मुकाबले में नीलकंठ सिंह मुंडा को 42053 मतों से शिकस्त देकर इस सीट से सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पूर्व इस सीट से लगातार पांच बार जीत हासिल कर एक कीर्तिमान स्थापित करने वाले नीलकंठ सिंह मुंडा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी सुशील पहान को 26327 मतों से पराजित कर सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

मतगणना के पहले से लेकर अंतिम 15वें राउंड तक नीलकंठ सिंह मुंडा मुंडा एक बार भी झामुमो उम्मीदवार पर बढ़त नहीं बना सके। दूसरी ओर तोरपा विधानसभा सीट का परिणाम भी कमोबेश ऐसा ही रहा। तोरपा विधानसभा सीट में झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा को 40647 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर इस सीट पर भी सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया। तोरपा सीट में भी मतगणना के पहले राउंड से लेकर अंतिम 13 वें राउंड तक भाजपा प्रत्याशी एक बार भी झामुमो प्रत्याशी पर बढ़त नहीं बना सके। चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद खूंटी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने राम सूर्या मुंडा को और तोरपा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा ने सुदीप गुड़िया को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। खूंटी विधानसभा सीट में झामुमो के राम सूर्या मुंडा को 91721 वोट मिले, जबकि भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा को 49668 मतों से संतोष करना पड़ा। इसी प्रकार तोरपा विधानसभा सीट में झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़िया को 80887 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा को 40240 मतों से संतोष करना पड़ा।

**दूसरे चक्र की मतगणना के बाद ही कार्यकर्ता मनाने लगे थे जश्न :** मतगणना के पहले ही चक्र में राम सूर्या मुंडा ने नीलकंठ सिंह मुंडा से लगभग डेढ़ हजार मतों की बढ़त ले ली और दूसरे चक्र की मतगणना के बाद राम सूर्या मुंडा मुंडा की यह बढ़त लगभग साढ़े तीन हजार वोटों का हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही झामुमो कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया। प्रत्येक चक्र की मतगणना के बाद राम सूर्या मुंडा की बढ़त बढ़ने लगी। इधर जैसे-जैसे मतगणना का दौर समाप्त होने लगा इंडी गठबंधन के समर्थकों की भारी भीड़ मतगणना केंद्र के बाहर जमा होने लगी। कार्यकर्ताओं ने नाच-गाकर, पटाखे फोड़ कर और अबीर गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जैसे ही विजयी प्रत्याशी राम सूर्या मुंडा और सुदीप गुड़िया मतगणना केंद्र से बाहर निकले, कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

पांचवें राउंड की गणना के बाद भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा मतगणना केंद्र से बाहर निकल गये। हालांकि भाजपा के कई समर्पित कार्यकर्ता 13 वें राउंड तक मतगणना केंद्र में जमे रहे। 13 वें राउंड की मतगणना के बाद झामुमो प्रत्याशी ने जब 32505 वोटों की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली तो मतगणना केंद्र में बचे बाकी सभी भाजपा कार्यकर्ता भी? मतगणना केंद्र से बाहर निकल गए।

**दूसरे प्रयास में राम सूर्या मुंडा ने चखा जीत का स्वाद :** खूंटी विधानसभा सीट से दूसरे प्रयास में ही झामुमो प्रत्याशी राम सूर्या मुंडा ने जीत का स्वाद चक लिया। इससे पूर्व 2019 के विधानसभा चुनाव में राम सूर्या मुंडा ने झापा प्रत्याशी के रूप में खूंटी सीट से चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में राम सूर्या मुंडा को महज 1385 वोट मिले थे और उनका जमानत भी जब्त हो गया था। लेकिन इस चुनाव में झामुमो प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर भाजपा के इस किले को ध्वस्त करते हुए रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर लिया। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन जब राम सूर्या मुंडा को खूंटी सीट से झामुमो का प्रत्याशी घोषित किया गया था तो क्षेत्र के लोग उसे पार्टी में नया चेहरा बताकर नीलकंठ सिंह मुंडा की जीत को निश्चित मानने लगे थे लेकिन जिस प्रकार से राम सूर्या मुंडा ने नीलकंठ सिंह मुंडा को बड़े अंतर से पराजित किया उससे सभी समीकरण और लोगों का पूर्वानुमान ध्वस्त हो गया। नीलकंठ सिंह मुंडा की इस बड़ी हार पर लोग अब अपने-अपने हिसाब से व्याख्या करने लगे हैं।

### यह जनता की जीत है, लोगों ने हेमंत सोरेन के कार्यों पर अपना मोहर लगाया है : राम सूर्या मुंडा

भाजपा के कद्दावर प्रत्याशी पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा को शिकस्त देने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए खूंटी के नवनिर्वाचित विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि यह जीत खूंटी क्षेत्र की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट हो गया कि क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जनकल्याणकारी कार्यों पर अपना मोहर लगाया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है वे जनता के इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### 10 वें राउंड के बाद ही खाली हो गया भाजपा का तंबू

मतगणना का परिणाम जानने के लिए खूंटी, मुरहू , कर्रा, तोरपा सहित काफी दूर-दूर से भाजपा कार्यकर्ता मतगणना केंद्र के पास पहुंचे थे। इसके लिए भाजपा द्वारा मतगणना केंद्र के बाहर विशाल टेंट लगाया गया था, लेकिन जैसे-जैसे भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा और कोचे मुंडा पिछड़ते गये, भाजपा कार्यकर्ता वहां से धीरे-धीरे खिसकने लगे। 10 वें राउंड के बाद तो भाजपा का तंबू लगभग खाली हो चुका था।

---

### झारखंड में इंडिया गठबंधन के प्रचंड बहुमत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# जात-धर्म पर राजनीतिक करने वाले भाजपा को जनता ने नकारा : गुजंन सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड विधानसभा का चुनाव परिणाम सामने आ चुका है।राज्य की जनता ने इंडिया गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर सरकार बनाने का काम किया है।झारखंड विधानसभा के चुनाव में इस बार इंडिया गठबंधन को 57 सीट और एनडीए गठबंधन को 23 सीट प्राप्त हुआ है। चुनाव परिणाम आने के साथ ही पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं के द्वारा जीत का जश्न मनाया गया।बचरा चार नंबर चौक में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह और रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि झारखंड की जनता ने जाति और धर्म पर राजनीतिक करने वाले भाजपा को नकार दिया है। राज्य की जनता ने भाजपा को इस बार सबक सिखाने का काम किया है।उन्होंने कहा कि राज्य की जनता के आशीर्वाद से इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी।इसके लिए उन्होंने राज्य के जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए इंडिया गठबंधन के सभी केंद्रीय और राज्य स्तरीय नेताओं को बधाई दी है। रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि राज्य की जनता ने विकास के नाम पर अपना वोट दिया है।

झारखंड में महागठबंधन की सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखते हुए जनता ने पुनः महागठबंधन की सरकार बनाने का काम किया है।इसके लिए जनता बधाई के पात्र है।उन्होंने कहा कि एक रहोगे तो सेफ रहोगे के नारा को अपनाते हुए जनता ने महागठबंधन को चुना है।कांग्रेस के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस ने कहा कि महागठबंधन सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखते हुए जनता ने पुनः हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को प्रचण्ड बहुमत मिलने पर राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट किया और केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी। इस मौके पर गुंजन कुमारी सिंह,इकबाल हुसैन,अब्दुल कुदूस,रामचंद्र उरांव,अशोक महतो,जुल्फिकार अली, इरफान आलम,बाबूलाल राम,मोहम्मद शोएब, शाहनवाज आलम,दीपक मद्रासी,निजामुद्दीन अंसारी, मुजाहिद इमाम,रवि भारद्वाज,किशन कुमार सिंह,आशिक अंसारी,जेपी महाराज,अजय कुमार सिंह, मनोज कुमार महतो,गुड्डू आलम,मोहम्मद अनवर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

### बड़कागांव में रोशनलाल और सिमरिया में उज्जवल दास की जीत पर

# कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कोयलांचल क्षेत्र मे कहीं खुशी कहीं गम का माहौल देखा जा रहा है।बड़कागांव और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से इस बार चौंकाने वाला परिणाम सामने आया है।बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में इस बार परिवर्तन देखा गया है।यहां से आजसु से भाजपा मे शामिल हुए रोशनलाल चौधरी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। रोशनलाल चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को भारी मतों से हराकर पहली बार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से अपनी जीत दर्ज की है।वही सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास ने जीत दर्ज की है।भाजपा ने इस बार विधायक किशुन दास का टिकट काटकर उज्जवल दास को प्रत्याशी बनाया था। भाजपा की उम्मीदों को बरकरार रखते हुए उज्जवल दास ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा को हराकर सिमरिया विधानसभा सीट को भाजपा के खाते में रखने का काम किया।इधर बड़कागांव से रोशनलाल चौधरी और सिमरिया से उज्जवल दास की जीत पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के भाजपा एवं आजसु कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।भाजपा पिपरवार मंडल एवं आजसु पिपरवार नगर कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने जीत की बधाई दी और जमकर आतिशबाजी भी की।इधर कल्याणपुर चौक में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जस मनाया और सिमरिया से उज्जवल दास एवं बड़कागांव से रोशन लाल चौधरी को जीत की बधाई दी।बधाई देने वालों में प्रमुख रीना कुमारी,भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,आजसु नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, संजय पासवान,अनिल पांडे, अश्विनी दराद,दिलीप अम्बष्ट,उमेश सिंह,रीना देवी, रविंद्र सिंह,धनराज भोक्ता, करण महतो,संजय भोगता, संजय ठाकुर,मोहम्मद एजाज,भोला मियां,नरेश महतो,विनोद कुमार,सीटू शाही सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

---

### डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे अंतरर्सदनीय क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के द्वारा बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे अंतरर्सदनीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।जिसमे हंसराज और दयानंद हाउस के बीच मैच खेला गया।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर रिशु चौधरी ने टॉस कराकर इसकी शुरुआत की।इस मैच में दयानंद हाउस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।इस मैच में हंसराज हाउस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 123 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी दयानंद हाउस की पूरी टीम 97 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।इस तरह हंसराज हाउस ने 26 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर रिशु चौधरी ने कहा कि स्कूल के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे रहने की जरूरत है।खेल हमें अनुशासन सिखाता है और खेल से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है।उन्होंने सभी बच्चों से खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी, शिक्षक एके घोष,एके लाल, ओपी यादव,एके शर्मा सहित कई शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

---

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में एनसीसी दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में देश सर्वोपरी देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत एनसीसी दिवस मनाया गया। इसको लेकर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा एनसीसी के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही देशभक्ति गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मौके पर भारतीय सेना के महत्व को बताते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कहा कि हम चैन से जीवन जी पाते हैं क्योंकि हमारी रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक निर्भिक होकर बॉर्डर पर तैनात हैं। उन्होने कहा कि एनसीसी हमें सेवा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा की शिक्षा देता है। एनसीसी एएनओ टिशु कुमार गुप्ता ने कहा एनसीसी महत्वपूर्ण युवा संगठन के संस्थापक सिद्धांतों और उद्देश्यों को मनाने के लिए मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र साहस, अनुशासन नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष तथा निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास कर उन्हें उपयोगी नागरिक बनाना है। एनसीसी सीनियर प्रियांशु पाल, प्रतिज्ञा सिंह एवं कुमार कौशल ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि एकता और अनुशासन के आदर्श वाक्य से प्रेरित एनसीसी भारत के युवाओं को उनकी वास्तविक क्षमताओं का एहसास करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस कार्यक्रम में एनसीसी के बेस्ट कैडेट खुशी कुमारी, यीशु राज, श्रवण कुमार सहित अन्य कैडेट्स एवं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकाएं उपस्थित थे।



---

### पिपरवार के सीएचपी मे कोल वाहन ने चेकपोस्ट को मारा टक्कर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी के समीप चेक पोस्ट के पास बीती रात्री एक कोल वाहन अनियंत्रित होकर चेकपोट से टकरा गई।इस हादसे मे चेकपोस्ट का दीवार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,जबकि चेक पोस्ट के अंदर ड्यूटी कर रहे सीआईएसएफ के जवान बाल बाल बच गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्री कोल वाहन जेएच 02बीपी-0318 ने सीएचपी सीपीपी चेक पोस्ट को धक्का मार दिया। जिससे चेक पोस्ट का दिवार टूटकर गिर गया और वही पर वाहन का इंट्री कर रहे सीआईएसएफ के जवान बाल बाल बच गए।बताया गया कि वाहन का चालक अपने वाहन को खडा कर इंट्री करवाने गया था,इसी बीच वाहन लुढ़कर ढल गया और चेक पोस्ट के दिवार को धक्का मार दिया।इस घटना हाईवा वाहन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पाकर रात में ही कई सीसीएल अधिकारी, ट्रांसपोर्टर और सीआईएसएफ के लोग पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

# कोल्हान के 14 में इंडिया गठबंधन ने 11 सीटों पर लहराया परचम, एनडीए 3 सीट पर सिमटी

### - झामुमो का 10 सीट, 1 पर कांग्रेस का कब्जा, बीजेपी 2 और जेडीयू ने खोला खाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/ चाईबासा/ सरायकेला :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजों में इंडिया गठबंधन बहुमत से जीत की ओर है. इंडिया गठबंधन 56 सीटों पर आगे है जबकि भाजपा एनडीए गठबंधन 24 सीटों पर आगे चल रही थी.

वहीं कोल्हान के सभी 14 सीटों के रुझान और परिणाम सामने आ गए हैं. यहां भाजपा- एनडीए गठबंधन ने मात्र तीन सीटों पर जीत मिली है. जबकि पश्चिमी सिंहभूम के सभी पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस और झामुमो ने अपना कब्जा बरकरार रखा है.

चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी दीपक बिरुआ निकटतम प्रतिद्वंदी गीता बालमुचू को 42532 मतों से हराकर अपनी सीट पर कब्जा बरकार रखा. वहीं मंझगांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा नीरल पूर्ति 94163 वोट लेकर निकटतम प्रत्याशी भाजपा के कुंवर घाघराई को (34560) 34973 मतों से हराया. इस तरह उन्होंने अपनी सीट बरकरार रखी.





इसके अलावा जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सोनाराम सिंकू ने भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को 7383 मतों से हराकर दावा बरकार रखा. जबकि चक्रधरपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सुखराम उरांव ने भी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के शशि भूषण समड को 9310 मतों से हराकर कब्जा बरकरार रखा है. यहां बड़ा निर्णय मनोहरपुर सीट पर हुआ. यहां से पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सांसद जोबा मांझी के पुत्र जगत माझी ने भी जीत का परचम लहराया और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू के डॉक्टर दिनेश चंद्र बोयपाई को 31956 मतों से हरा दिया है. इसके अलावा सरायकेला जिला के तीन सीटों में 2 सीट पर झामुमो और एक पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। सरायकेला में बीजेपी के चंपई सोरेन ने झामुमो के गणेश महाली को 20447 वोटों से हराया। खरसांवा में झामुमो के दशरथ गगराई ने बीजेपी के सोनाराम बोदरा को 32615 मतों हराया वहीं ईचागढ़ विधानसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी सविता महतो दुबारा जीत दर्ज की। उन्होंने आजसू के हरेलाल महतो को 26523 मतों से हराया।

पूर्वी सिंहभूम के 6 सीटों में जहां इंडिया गठबंधन के झामुमो ने 4 सीटों पर कब्जा किया वही एनडीए गठबंधन के बीजेपी और जेडीयू ने एक - एक सीट जीतने में कामयाब रही। झामुमो ने बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका और जुगसलाई सीट जीती वहीं बीजेपी ने जमशेदपुर पूर्वी और जेडीयू ने जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर जीत दर्ज की। कोल्हान की हॉट सीट जमशेदपुर पश्चिमी में जेडीयू के सरयू राय ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता को 8100 मतों से हराया।

## रतन टाटा ने एक बार प्रॉमिस कर दिया तो कर दिया : हरीश भट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में बिजनेस एथिक्स पर 32वें वार्षिक जेआरडी टाटा व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस वर्ष के व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा समूह के सलाहकार और निदेशक हरीश भट उपस्थित थे. उन्होंने सही काम करना - रतन टाटा की विरासत विषय पर अपनी बातों को रखा. इस दौरान श्री भट ने कहा कि रतन टाटा अपने कड़े फैसलों के लिए हमेशा जाने जाते थे. उनके फैसलों के केंद्र में हमेशा नेशन फर्स्ट रहता था. लोगों के साथ कमिटमेंट को हमेशा उन्होंने निभाया, भले इसके लिए आर्थिक रूप से नुकसान ही उठाना क्यों न हो, लेकिन एथिक्स और मोरल वैल्यूज के साथ कभी समझौता नहीं किया. हरीश भट ने एक उदाहरण के तौर पर कहा कि वर्ष 2000 में टाटा फाइनांस में करीब 500 करोड़ रुपये का फ्रॉड हुआ. ग्राहकों में अपने पैसे डूबने को लेकर डर सता रहा था. बोर्ड मीटिंग में इसकी जानकारी होने के साथ ही रतन टाटा ने ही सबसे पहले खुल कर कहा कि टाटा फाइनांस में फ्रॉड हुआ है. लेकिन, ग्राहकों को डरने की आवश्यकता नहीं. उनके मेहनत की एक-एक पाई को टाटा ग्रुप वापस करेगा. इसके बाद टाटा ग्रुप ने करीब 600 करोड़ रुपये देकर एक-एक ग्राहक के पैसे




वापस किए. इसी प्रकार नैनो को लेकर रतन टाटा ने घोषणा किया था कि वे उपभोक्ताओं को एक लाख रुपये में नैनो कार देंगे. लेकिन, किसी वजह से प्लांट पश्चिम बंगाल में नहीं लग कर गुजरात में लगा. नये सेटअप के साथ ही वर्षों तक प्रोजेक्ट के लटकने के बाद नैनो मैन्यूफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ जाने के बाद भी रतन टाटा ने नैनो की कीमत नहीं बढ़ाई. उन्होंने पब्लिक से एक लाख रुपये में नैनो कार देने का जो वायदा किया था, उसे पूरा किया. इसी प्रकार टाटा इंडिका जब लांच किया गया तो शुरुआती दिनों में इसमें कई प्रकार की परेशानियां आयी. इंजीनियरिंग से लेकर कई तकनीकी दिक्कतें आई. उसे ठीक किया गया. उसके बाद उसे फिर से री लांच किया गया. लाख परेशानियां आने के बाद भी उन्होंने ग्राहकों का साथ कभी नहीं छोड़ा. भारत और इस देश के लोगों के प्रति उनका कमिटमेंट ही उन्हें रतन टाटा बनाता है. कार्यक्रम के दौरान एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर एस जॉर्ज ने स्वागत भाषण दिया. इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के बीएम, एचआर, जीएमपी समेत सभी कोर्स के विद्यार्थी उपस्थित थे.

## जीत के बाद पुर्णिमा साहू ने जमशेदपुर पूर्वी की जनता का जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी से जीत के बाद भाजपा प्रत्याशी पुर्णिमा दास साहू ने कहा कि मैं आपके अपार समर्थन और आशीर्वाद के प्रति आभार प्रकट करती हूं। मेरी जीत का श्रेय जमशेदपुर पूर्वी की सम्मानित जनता और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को जाता है।

मैं जमशेदपुर के देवतुल्य जनता से वादा करती हूं कि जमशेदपुर पूर्वी के विकास और यहां के लोगों की भलाई के लिए मैं कड़ी मेहनत करूंगी। विधानसभा क्षेत्र के लोगों



की समस्याएं मेरी होंगी। आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि आपके सुख-दुख में मैं आपके साथ रहूंगी। न सिर्फ विधायक बनकर बल्कि बहन, बेटी और बहू के रूप में भी। मैंने चुनाव के दौरान आपके समक्ष जो 11 संकल्प लिया है, उन्हें हर हाल में पूरा करूंगी।

## जनता का निर्णय सहर्ष स्वीकार है, लोकतंत्र में जनता ही मालिक है : डॉ. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि पूर्वी की जनता का निर्णय स्वीकार है, दरअसल लोकतंत्र में जनता ही मालिक है. जमशेदपुर की जनता ने अपने भला बुरा का ध्यान रखते हुए जो निर्णय लिया है वह शिरोधार्य है. भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास को मेरी शुभकामनाएं है. उन्होंने कहा कि कहां कमी रह गई है इसकी गहन समीक्षा की जाएगी उसके आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा.डा. अजय ने कहा कि अपनी क्षमता के अनुसार जमशेदपुर की जनता के लिए काम करता रहूंगा. यह अच्छी बात है कि प्रदेश की जनता ने इंडिया गठबंधन सरकार के प्रति अपना



विश्वास व्यक्त किया है और हेमंत सरकार को आगे काम करने का मौका प्रदान किया. मुझे पूर्ण विश्वास है कि सरकार आने वाले दिनों में आम लोगों, महिलाओं एवं युवा वर्ग के बेहतरी के लिए कार्य करेगी और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाएगी. डा. अजय ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करुंगा. एक बार पुनः जमशेदपुर की जनता सहित सभी कार्यकर्ताओं एवं मीडिया साथियों के साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से वैसे तमाम लोगों का जिन्होंने का इस चुनाव के दौरान सहयोग किया उनका बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद.

## ईचागढ़ की जनता फिर एक बार महिला उम्मीदवार सविता महतो पर जताया विश्वास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से फिर से एक बार झामुमो प्रत्याशी सविता महतो पर जनताओं ने विश्वास जताया। सविता महतो दूसरी बार झामुमो विधायक के रूप में अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी आजसू प्रत्याशी हरेलाल महतो को 26608 मतों के बड़ी अंतर से पटखनी दी। सविता महतो को कुल 76830 मत मिले। वहीं एनडीए प्रत्याशी हरेलाल महतो को कुल 50222 मत, जेएलकेएम के उम्मीदवार तरूण कुमार महतो को 40665, निर्दलीय



प्रत्याशी पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह को 20080 , निर्दलीय प्रत्याशी सुखराम हेम्ब्रम को 15494 मत मिले। मतगणना में जीत का घोषणा होते ही ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया। वहीं विधायक सविता महतो को समर्थकों ने माला पहनाकर व बुके देकर जीत का बधाई दिया। जीत के बाद दुसरी बार विधायक बनने के बाद सविता महतो ने कहा कि अपने पति पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वगीर्य सुधीर महतो के सपनों का ईचागढ़ बनाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ के जनता ने जिस तरह से दुसरी बार भी आशिर्वाद देकर विधानसभा भेजने का काम किया है उस उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। मौके पर चारू चांद किस्कू, गुरूचरण किस्कू, दिलीप किस्कू, विश्वरंजन महतो,काबलु महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरायकेला से चंपाई की लगातार सातवीं जीत, झामुमो प्रत्याशी को 20,447 वोट से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गणेश माहली से 20,447 मतों से जीत हासिल कर लगातार सातवीं बार विधायक बनने का रिकॉर्ड बनाया। कोल्हान में उन्होंने यह जीत हासिल कर अपनी साख बरकरार रखी है। अंतिम 15वें राउंड की गिनती के बाद उन्हें कुल 1,19,379 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रहे झामुमो के गणेश महाली को कुल 98,932 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर रहे जेएलकेएम के प्रेम मार्डी को कुल



38,974 मत प्राप्त हुए। इससे पूर्व छह बार चम्पाई सोरेन सरायकेला विस सीट से झामुमो के टिकट पर चुनाव जीतते रहे हैं। इस बार उन्होंने पाला बदल लिया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़े थे। वहीं, इस बार झामुमो के प्रत्याशी रहे गणेश महाली पूर्व में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और उन्हें चम्पाई सोरेन ने ही शिकस्त दिया था। हालांकि मतगणना के दौरान प्रथम दो राउंड में गणेश महाली 2986 मतों से आगे चल रहे थे। किंतु उसके बाद हर राउंड में वे पिछड़ते चले गए। 12वें राउंड की मतगणना होने पर भाजपा के चम्पाई सोरेन ने 24,655 मतों से अपनी बढ़त बना ली थी। इसके बाद शेष बचे तीन राउंड में झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली ने इस बढ़त को कम करने में कुछ सफलता हासिल किया। अंतिम और 15वें राउंड की गिनती समाप्त होने के बाद गणेश महाली उनसे 20, 447 मतों से पीछे हो गए। हालांकि समाचार लिखे जाने तक फाइनल रिजल्ट की औपचारिक घोषणा नहीं की जा सकी है।

### झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली रिकाउंटिंग की मांग को ले बैठे धरने पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली ने करीब 20 हजार से अधिक मतों से चुनाव हारने के बाद निर्वाचन आयोग के विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए दुबारा मतगणना करने की मांग किया है। इस मांग को लेकर वे मतगणना स्थल के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने आयोग पर गिनती में धांधली का आरोप लगाते हुए बताया कि ऐसे कई कारण है



जिसको लेकर निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक रिकाउंटिंग नहीं होती है तब तक वे धरने पर बैठे रहेंगे। उन्होंने कहा कि आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में कम मतदान होने के बाद भी उनके विरोधी को अधिक मतों से जीत घोषित किया गया जो एक साजिश है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन पदाधिकारी को बार-बार अनुरोध करने के बाद भी उनकी मांग को नहीं मानी गई है जो सरासर नाइंसाफी है।

## झामुमो प्रत्याशी गागराई ने लगाया जीत का हैट्रिक, कहा यह जीत जनता की जीत है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विस क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई ने भाजपा के सोनाराम बोदरा को 32,615 वोटों के बड़े अंतर से हरा कर जीत दर्ज की. इसके साथ ही दशरथ गागराई ने जीत की हैट्रिक लगायी. झामुमो के दशरथ गागराई को 85,772 वोट मिले, जबकि भाजपा के सोनाराम बोदरा को 53,157 वोट मिले. जेएलकेएम के पांडूराम हाईबुरु तीसरे स्थान पर रहे. पांडूराम हाईबुरु को 33,841 वोट मिले. खरसावां विस क्षेत्र के लिये हुए 15 राउंड की गिनती में दशरथ गागराई ने पहले



से लेकर अंतर तक बढ़त बनाये रखा. जिला निर्वाची पदाधिकारी ने खरसावां से नव निर्वाचीत विधायक दशरथ गागराई को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा. इसके पश्चात विधायक दशरथ गागराई को पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलों का माला पहना कर स्वागत किया. दशरथ गागराई ने कहा, चुनाव में जनता ने खुल कर अपना आशीर्वाद दिया है. जनता के एक-एक वोट का ऋणि रहेंगे. क्षेत्र के विकास के लिये कार्य करेंगे. अगले पांच वर्षों में सभी अधुरे कार्यों को पूरा करेंगे.

## कोल्हान समेत पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन की चली सुनामी : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड की जनता ने झूठा पार्टी और झूठ खबर देने वाले को नकारते हुये इंडिया गठबंधन को प्रचंड बहुमत दिया। दोबारा मुख्यमंत्री बनने के लिए हेमंत सोरेन को बहुत-बहुत बधाई। मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी के झूठे वादे और गलत प्रोपेगेंडा को खारिज करते हुए उसके सांप्रदायिक मनसा को ध्वस्त कर दिया और सामाजिक न्याय पर भरोसा करने वाली धर्मनिरपेक्ष इंडिया गठबंधन को शानदार बहुमत दिया। इसके लिए इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी तेजस्वी यादव और हमारे लोकप्रिय हृदय सम्राट हेमंत सोरेन को बहुत-बहुत बधाई। सामाजिक चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही है।



विचार प्रवाह

संपादकीय

## प्रदूषण 'राष्ट्रीय शर्म' है

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जानलेवा प्रदूषण और सरकारों के कामकाज को अब 'राष्ट्रीय शर्म' घोषित कर देना चाहिए। इसके अलावा विकल्प भी क्या है? जिस समय सर्वोच्च अदालत के 'कोर्ट रूम' में प्रदूषण पर सुनवाई चल रही थी, उस समय वहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 994 था। यह 'बेहद गंभीर' श्रेणी का प्रदूषण था। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 978 भी दर्ज की गई। ऐसे प्रदूषण में जीना भी 'राष्ट्रीय शर्मिन्दगी' है। सर्वोच्च अदालत का वह विशेष और संवेदनशील कक्ष होता है, जहां की हवा 'गैस चैंबर' के हालात को भी लांघ गई थी। यह शर्मनाक स्थिति नहीं है, तो और क्या है? राजधानी दिल्ली की 'प्रदूषित हवा' का औसत सूचकांक 500 को पार कर चुका है। अब एक दिन ऐसा आएगा, जब सड़कों पर 'मास्कधारी आबादी' ही दिखाई देगी, लिहाजा अब सर्वोच्च अदालत की फटकार ही पर्याप्त नहीं है। अब सर्वोच्च अदालत सरकारों से सवाल न करे, बल्कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को 'प्रतीकात्मक जेल' की सजा सुनाए। प्रदूषण सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। यहां तो 'गैस चैंबर' से भी बदतर हालात हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या 30-35 फीसदी बढ़ गई है। सांसें टूट रही हैं। दिल का दौरा पड़ा है। अस्थमा, दमा का अटैक पड़ा है। लोग बुरी तरह खांस रहे हैं। मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ा है, लिहाजा ऐसे मरीज भी अस्पताल तक दौड़ रहे हैं। आम दृश्यता धुंध में कहीं खो गई है, लिहाजा 100 से अधिक विमान देरी से उड़े, 15 को अन्य राज्यों की ओर मोड़ा गया और कुछ उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यह कोई आपातकाल या संक्रमण काल नहीं है, रोजमर्रा की जिंदगी पर प्रदूषण का प्रभाव है। प्रदूषण से 22 लाख लोग सालाना मर जाते हैं। करीब 90 करोड़ भारतीय 'गंभीरतम प्रदूषण' में सांस लेने को विवश हैं। वे भी हरेक सांस के साथ अकाल मृत्यु की तरफ बढ़ रहे हैं। पर्यावरण में इतना धुआं औसत आदमी एक दिन में 49.2 सिगरेट पीने के समान निगलने को विवश है। हरियाणा में यह औसत 33.25 सिगरेट के धुएं के बराबर है। उप्र और बिहार में प्रतिदिन लोग औसतन 10 सिगरेट पीने को मजबूर हैं। आदमी के दिल, फेफड़े और गुर्दे कब तक साथ देंगे? आम आदमी की उम्र औसतन 8 साल घट रही है। हम लोग छोटे, बौने, निहित स्वार्थ के मुद्दों पर साल भर में औसतन एक लाख से अधिक आंदोलन करने के आदी हैं। जाति, धर्म, आरक्षण, आर्थिक मुद्दों पर भी राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़े गए हैं, लेकिन प्रदूषण जैसे जानलेवा हालात पर कोई आंदोलन नहीं! हालिया चुनावों में भी प्रदूषण पर कोई चर्चा, बहस सामने नहीं आई है। हमारे सामने चीन का उदाहरण है। वह एक तानाशाही किस्म का देश है, लेकिन वहां लोगों ने 'गैस चैंबर' सरीखे प्रदूषण पर ऐसा आंदोलन छेड़ा कि सरकार हिल गई। आज वहां प्रदूषण लगभग नियंत्रण में है। भारत में वैसा क्यों नहीं किया जा सकता? सर्वोच्च अदालत भी फटकारना बंद करे और संवैधानिक दायित्व तय करे, क्योंकि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी हमारा संवैधानिक अधिकार है। पराली जलाना, घरेलू धुआं, औद्योगिक प्रदूषण, वाहनों से निकलने वाले जहरीले कण, पाबंदी के बावजूद आतिशबाजी आदि के मद्देनजर ग्रैप-4 की पाबंदियां भी स्थायी और पर्याप्त असरकारक नहीं हैं। बड़े वाहन बंद, निर्माण-कार्य बंद, फैक्ट्रियों में उत्पादन बंद, दफ्तर बंद, स्कूल बंद... आखिर निठल्ले बैठकर प्रदूषण से कैसे लड़ा जा सकता है? प्रदूषण पर असर डालने वाले कारकों पर सोचना होगा, लिहाजा सरकारें विशेषज्ञों की सलाह लें। जिम्मेदारी भारत सरकार की भी है, बल्कि ज्यादा है। दिल्ली में ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पूरी कैबिनेट, संसद स्थित हैं। सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही मौजूद हैं। सभी देशों के दूतावास भी दिल्ली में हैं। राजधानी होने के कारण दिल्ली की अपनी प्रतिष्ठा और गरिमा है। यदि प्रदूषण वाकई 'राष्ट्रीय शर्म' मान लिया गया, तो भारत की छवि कलंकित होगी। प्रदूषण से जानलेवा खतरा हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, दलित, पिछड़े सभी को है, लिहाजा इस मुद्दे पर क्षुद्र राजनीति भी नहीं करनी चाहिए। यदि सरकार प्रदूषण काबू करने में ही नाकाम, असहाय हैं, तो उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए।

> दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 978 भी दर्ज की गई। ऐसे प्रदूषण में जीना भी 'राष्ट्रीय शर्मिन्दगी' है। सर्वोच्च अदालत का वह विशेष और संवेदनशील कक्ष होता है, जहां की हवा 'गैस चैंबर' के हालात को भी लांघ गई थी। यह शर्मनाक स्थिति नहीं है, तो और क्या है? राजधानी दिल्ली की 'प्रदूषित हवा' का औसत सूचकांक 500 को पार कर चुका है। अब एक दिन ऐसा आएगा, जब सड़कों पर 'मास्कधारी आबादी' ही दिखाई देगी, लिहाजा अब सर्वोच्च अदालत की फटकार ही पर्याप्त नहीं है। अब सर्वोच्च अदालत सरकारों से सवाल न करे, बल्कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को 'प्रतीकात्मक जेल' की सजा सुनाए। प्रदूषण सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। यहां तो 'गैस चैंबर' से भी बदतर हालात हैं।

### आम आदमी पार्टी के बढ़ते संकट एवं गिरते राजनीतिक मूल्यों के कारण उसकी चुनौतियां खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही

# गहलोत के इस्तीफे का झटका, बड़े संकट का संकेत

ललित गर्ग

> दिल्ली सरकार के प्रमुख मंत्री कैलाश गहलोत ने जिस तरह से चुनावी वादों को पूरा न करने जैसे ऐसे अनेक मुद्दों का जिक्र करते हुए अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो अरविंद केजरीवाल की छवि पर सीधी चोट करने वाले हैं। दिल्ली के विकास की बजाय 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतने की बात कहकर गहलोत ने आम आदमी पार्टी की एक बड़ी कमजोरी को उजागर किया है, जो 'आप' के लिये एक बड़ा राजनीतिक संकट का संकेत है।

दिल्ली में विधानसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा। दिल्ली सरकार के प्रमुख मंत्री कैलाश गहलोत ने जिस तरह से चुनावी वादों को पूरा न करने जैसे ऐसे अनेक मुद्दों का जिक्र करते हुए अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो अरविंद केजरीवाल की छवि पर सीधी चोट करने वाले हैं। दिल्ली के विकास की बजाय 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतने की बात कहकर गहलोत ने आम आदमी पार्टी की एक बड़ी कमजोरी को उजागर किया है, जो 'आप' के लिये एक बड़ा राजनीतिक संकट का संकेत है। अरविंद केजरीवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करके इस पार्टी का गठन किया, लेकिन खुद एवं उसके अन्य बड़े नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की यात्रा कर आये, अनेक मतभेदों, विवादों एवं केजरीवाल के अहंकार, गलत नीतियों के चलते पार्टी के कई दिग्गज नेता पार्टी से दूर होते चले गए, जिनमें किरण बेदी, कवि कुमार विश्वास, आशुतोष, आशीष खेतान, शांति भूषण, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी और कपिल मिश्रा और अब कैलाश गहलोत जैसे नाम शामिल हैं। लगता है अब आम की झाड़ू ही नहीं, बल्कि आप के राजनीतिक मूल्य भी तार-तार हो गये हैं। आम आदमी पार्टी के बढ़ते संकट एवं गिरते राजनीतिक मूल्यों के कारण उसकी चुनौतियां खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। कैलाश गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी को इस्तीफा भेजा है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलोत ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए एक लम्बा पत्र केजरीवाल को भेजा है। उन्होंने इस्तीफे में यमुना की सफाई और शीशमहल निर्माण का मुद्दा उठाया है। गहलोत ने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि जिस ईमानदार राजनीति के चलते वह आम आदमी पार्टी में आए थे, वैसा अब नहीं हो रहा है। उन्होंने पार्टी के संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को शीशमहल करार देते हुए कई आरोप भी लगाए हैं। ऐतिहासिक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्मी इस पार्टी का यह हश्र एवं दूरगति राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम है। आम आदमी पार्टी खुद को ईमानदारी के उच्चतम मानकों पर रखने का दावा भले ही करती रही हो, लेकिन उसने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राजनीतिक एवं नैतिक मूल्यों को ध्वस्त ही किया है। आप का उदय एक ताज़ी हवा का झोंका था लेकिन आज वह दूषित राजनीति का पर्याय बन गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कैलाश गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी के लिये उल्टी गिनती का द्योतक है, यह राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है, क्योंकि गहलोत ने एक तो यह कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार यमुना को साफ नहीं कर सकी और स्थिति यह है कि वह पहले से अधिक गंदी हो गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतता है। भले ही 'आप' कैलाश गहलोत की इन बातों को यह कहकर खारिज कर सकती है कि वह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और यह भी कहा जा सकता है कि गहलोत पर ईडी-सीबीआइ आदि का दबाव था। निश्चित ही गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। कैलाश गहलोत पर ईडी और इनकम टैक्स की कई रेड भी हो चुकी थी। वह जांच का सामना कर रहे थे। आप के इन बयानों में कुछ सच्चाई भी हो सकती है कि उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। लेकिन बड़ा तथ्य है कि 'आप' दिल्ली की जनता के साथ न्याय नहीं कर सकी है, वह केंद्र सरकार से बात-बात में झगड़ा मोल लेने के लिए जानी जाती है। इससे इन्कार नहीं कि केंद्र सरकार भी आम आदमी पार्टी से उलझती हुई दिखती है, लेकिन दिल्ली सरकार की छवि ऐसी बन गई है कि वह केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने का मौका ढूंढ़ती रहती है। दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच हर मुद्दे पर खींचतान जारी रहने से सबसे अधिक नुकसान दिल्ली की जनता को हुआ है। दिल्ली की कई समस्याएं नहीं सुलझ पाने, दिल्ली का अपेक्षित विकास न हो पाने एवं अपने चुनावी वादों को पूरा न करने के कारणों के लिये 'आप' नेताओं ने हमेशा ही केन्द्र सरकार एवं भाजपा को दोषी ठहराया है। गहलोत ने कहा कि पार्टी से जुड़ी उनकी यात्रा का उद्देश्य दिल्ली के लोगों की सेवा करना था, लेकिन अब उन्होंने महसूस किया कि पार्टी सिर्फ अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रही है, जिससे दिल्लीवासियों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में मुश्किलें आ रही हैं। ऐसे में उनके सामने पार्टी से अलग होने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। 'आप' टकराव की राजनीति में व्यस्त रही, अच्छे गवर्नेंस और बेहतर राजनीति का दामन उसके हाथ से लगातार छूटता रहा। दिल्ली में पार्टी ने असंख्य मुद्दे उठाये लेकिन वह इन सबको आखरी मंज़लि तक नहीं पहुंचा पायी। यह भविष्य ही बताएगा कि कैलाश गहलोत का त्यागपत्र आम आदमी पार्टी को राजनीतिक रूप से महंगा पड़ेगा या नहीं, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि उन्होंने अपने इस्तीफे में जिस तरह 'आप' की गलत नीति एवं केजरीवाल की अति-महत्वाकांक्षाओं का जिक्र किया, वह अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी की साख को करारा आघात देने वाला है। यह एक तथ्य है कि आम आदमी पार्टी आज तक इस प्रश्न का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी कि आखिर अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री रहते अपने सरकारी आवास की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च करने की क्या जरूरत थी? कैलाश गहलोत ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि 'आप' अपनी रीति-नीति से भटक गई है। केजरीवाल और उनके सहयोगी इससे सहमत नहीं होने वाले, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी राजनीतिक दल की छवि का बहुत अधिक क्षरण हुआ है। 'आप' ने नई तरह की एवं मूल्यों की राजनीति करने के जो तमाम दावे किए थे, वे दावे यदि खोखले नजर आने लगे हैं तो इसके लिए अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी अन्य किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। एक बड़ा सवाल है कि 'आप' की इस दुर्दशा के चलते क्या वह दिल्ली पर अपनी मजबूत पकड़ को क्या कायम रख पायेगी? क्या दिल्ली में भाजपा या अन्य दलों के लिये अब सत्ता तक पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गयी है? आप एवं उसकी सरकार के लिये अभी भी देर नहीं हुई है, ज़रूरत है कि वह जन मुद्दों के बीच प्राथमिकता तय करे। अनावश्यक टकराव से बचते हुए अपने एजेंडे को अमलीजामा पहनाये।



दृष्टि कोण

## आतंकवाद पर रुख स्पष्ट करे सियासत

सेवा अस्माकं धर्मः, अर्थात 'राष्ट्र की सेवा हमारा धर्म है।' यह प्रसंग भारतीय थलसेना का आदर्श वाक्य है। सेना के लिए राष्ट्र हमेशा सर्वोपरि रहा है। इसीलिए देश सुरक्षित है। मगर देश पर हुक्मरानी करने वाले सियासी निजाम के लिए वोट बैंक व सत्ता सर्वोपरि होती है। इस नवंबर महीने में वीरभूमि हिमाचल के हिस्से दो और सैन्य बलिदानों का इजाफा हो गया। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना की 'दो पैरा स्पेशल फोर्स' के जेसीओ राकेश कुमार दस नवंबर 2024 को आतंकियों से लड़ते बलिदान हो गए। 13 नवंबर को हवलदार सुरेश कुमार 'डोगरा रेजिमेंट' लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वीरगति को प्राप्त हो गए। राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने की सैन्य परंपरा को निभाने वाले दोनों सपूतों का संबंध मंडी जिला से था। डोगरा शासकों के समय से लेकर मौजूदा दौर तक जम्मू कश्मीर के लिए हिमाचल प्रदेश के रणबांकुरों की दास्तान-ए-सुजात की फेहरिस्त काफी लंबी है। जम्मू कश्मीर रियासत के जरनैल 'जोरावर सिंह कहलूरिया' ने डोगरा सल्तनत की सरहदों को अफगानिस्तान से लेकर तिब्बत के महाज तक विस्तार देकर लद्दाख के रणक्षेत्र में अपना बलिदान दिया था। कैप्टन संजय चौहान 'शौर्य चक्र', पवन घंगल 'कीर्ति चक्र', कुलभूषण मांटा 'शौर्य चक्र' तथा सूबेदार संजीव कुमार 'कीर्ति चक्र' जैसे हिमाचल के सैंकड़ों बहादुर सैनिकों ने कश्मीर की सुरक्षा के लिए आतंकवाद से लडक़र अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। लेकिन देश की फिजाओं में हरदम सियासी माहौल रहता है। सियासी हुक्मरान देश का राष्ट्रीय खेल बन चुकी सियासत में मशगूल रहते हैं। सियासत जाति, मजहब व वंशवाद की तवाफ करती है। मुल्क का मीडिया सियासत की तवाफ करता है। नतीजतन फिदा-ए-वतन हो रहे जांबाजों का सर्वोच्च बलिदान कभी न्यूज चैनलों की सुर्खियां नहीं बनता। युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हमारा गौरवशाली सैन्य इतिहास कभी शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं बना। सैनिकों की रक्तरंजित शूरवीरता पर मायानगरी के अदाकार फिल्में बनाकर करोड़ों रुपए कमा लेते हैं, मगर वतन-ए-अजीज की हशमत के लिए अपनी जान का नजराना पेश करने वाले वास्तविक नायक गुमनामी के अंधेरे में खो जाते हैं। सुरक्षा के लिहाज से जम्मू कश्मीर भारत के लिए एक मुद्दत से चुनौती बन चुका है। मुल्क के नीति-निर्माताओं के गलत फैसलों का खामियाजा सैनिक व सैन्य परिवार भुगत रहे हैं। कश्मीर हथियाने के लिए चार बड़े युद्धों में मिली शर्मनाक शिकस्त के बदनुमां दाग मिटाने के लिए पाक सेना ने भारत के खिलाफ आतंक को अपना हथियार बनाया। मजहबी रहनुमाओं की जहरीली तालीम ने युवाओं को जन्नत में बहत्तर हूरों का जहालत भरा ख्वाब दिखाकर उनके जहन में मजहबी जिहाद का मवाद भरकर उन्हें हथियार उठाने के लिए प्रेरित किया। पाक परस्त दहशतगर्दों को कश्मीर की स्थानीय आबादी व सियासत की पूरी हिमायत हासिल हुई। बिना लोकल स्पोर्ट के आतंकवाद, अलगाववाद व चरमपंथ कभी पैर नहीं पसार सकते। इसी पाक परस्त आतंक के कारण 1990 के दशक में कश्मीर के मूल निवासी लाखों बेगुनाह लोग घाटी से हिजरत करके अपने ही मुल्क में शरणार्थी बन गए। लेकिन आतंक व पलायन के उस खौफनाक मंजर पर भी कश्मीर से लेकर मरकजी हुकूमत तक देश की सियासत मौन थी। मुफ्तखोरी की खैरात के जरिए मुल्क की हर सियासी जमात सत्ता के फलक पर विराजमान होने को बेताब रहती है। आतंकवाद का मसला तथा कश्मीरी पंडितों के पलायन का मुद्दा जम्हूरियत की पंचायतों में कभी चर्चा का मरकज नहीं बना। जम्मू कश्मीर रियासत के हुक्मरान हरि सिंह की रियासती सेना सन् 1947 में पाक सेना के हमले को रोकने में विफल रही थी। उस वक्त भारतीय सेना ने जोरदार पलटवार करके कश्मीर को बचाया था। पाक परस्त आतंक से निपटने में जम्मू कश्मीर राज्य की पुलिस फोर्स भी नाकाम रही है। नतीजतन 'राष्ट्रीय राइफल्स' की साठ से अधिक बटालियन घाटी में तैनात करनी पड़ी। इसके अलावा पाकिस्तान से सटी जम्मू-कश्मीर की सरहदों पर सेना के सात डिवीजन तैनात हैं। बेतुकी बयानबाजी से अपनी सियासी जमीन मजबूत करने वाले कश्मीर के सियासी रहनुमा खुद सेना की सर्वश्रेष्ठ सिक्योरिटी के दायरे में महफूज रहते हैं। राज्य की पुलिस फोर्स अपने अधिकारियों व प्रशासन तथा सियासतदानों की सुरक्षा में मशरूफ है। घाटी में काम करने वाले अप्रवासी मजदूरों की टारगेट कीलिंग हो रही है। 'ग्राम सुरक्षा गार्डों' का अपहरण करके कत्ल किया जा रहा है। सैनिक शहीद हो रहे हैं।

कुछ अलग

## ऐसे थोड़े ही होता है...

बंधुओ! गलतियों के निरंतर क्रम में मुझसे सच बोलने की गलती हुई तो मेरे भगवान ने मुझे कोसा, 'गधे कहीं के! इतना भी नहीं समझते कि सच बोलना गुनाह होता है। अगली बार सब कुछ करना, पर सच बोलने की गलती मत करना', और मैंने उनका आदेश पा सच कहने की गलती सुधार ली। मित्रो! आदमी गलती का पुतला हो या न, पर मैं ठहरा गलती का पुतला। और गलतियों के अनवरत क्रम में मुझसे एक और गलती हो गई। आदमी नहीं हूं न! मुझसे अचानक अपने खास पर विश्वास करने की गलती हो गई। गलती होने पर मेरे भगवान ने मुझे फिर फटकारते कहा, 'सूअर कहीं के! इतना भी नहीं समझते कि अपने पर भी विश्वास करना गुनाह होता है। अगली बार सब कुछ करना, पर अपने पर भी विश्वास करने की गलती मत करना', और मैंने अपने खास पर विश्वास करने पर हुई गलती सुधार ली। कसम खाई कि भविष्य में और चाहे कितनी ही गलतियां करूंगा, पर मरने के बाद भी अपने पर विश्वास करने की गलती न करूंगा। आदमी गलती का पुतला हो या न, पर मैं ठहरा गलती का पुतला। गलती का खेल देखिए, अचानक मुझसे ईमानदारी करने की गलती हो गई। गलती होने पर मेरे भगवान से मुझे फिर फटकारते कहा, 'उल्लू कहीं के! इतना भी नहीं समझते कि नख से शिख तक बेईमानी में सने समाज में किसी से भी ईमानदारी करना गुनाह होता है। अगली बार सब कुछ करना, पर ईमानदारी करने की गलती मत करना', और मैंने ईमानदारी करने की गलती भी सुधार ली। टांगों के नीचे से कान पकड़े, कसम खाई कि मर जाऊं, जो आगे किसी से भी ईमानदारी करूं। जनाब! आदमी गलती का पुतला हो या न, पर मैं ठहरा गलती का पुतला। गलतियों के क्रम में मुझसे एक और गलती हो गई। मुझसे सडक़ पर मर रहे की वीडियो बना उसे वायरल करने के बदले उसे अस्पताल ले जाने की गलती हो गई। गलती होने पर मेरे भगवान से मुझे फिर फटकारते कहा, 'हे गलतियों के भंडार! माना, तुम गलतियों के भंडार हो, पर कदम कदम पर गलती करते फिरो, ये कहां की बदतमीजी है? इतना भी नहीं समझते कि राह में किसी मरते को उठाकर अस्पताल ले जाने के बदले उसका वीडियो बना वायरल करना ही सच्ची मानवता है। राह में किसी मरते को देख उसे अस्पताल ले जाना सबसे बड़ा गुनाह होता है। अगली बार सब कुछ करना, पर किसी भी जरूरतमंद को अस्पताल ले जाने की गलती मत करना', और मैंने फिर किसी राह मरते को उठाकर उसका वीडियो बना वायरल करना शुरू कर उसे अस्पताल ले जाने की गलती भी सुधार ली। हुजूर! आदमी गलती का पुतला हो या न, पर मैं ठहरा गलती का पुतला। और इस गलती के पुतले से कल फिर एक और गलती हो गई। हालांकि मैंने तय कर लिया था कि अब अपने भगवान से अपनी और फजीहत करवाने के बदले मैं और तो सब कुछ करूंगा, पर कोई गलती न करूंगा। पर गलती करने से मेरे जैसे को कौन रोक सकता है? और मुझसे फिर गलती हो गई। इधर मुझसे गलती हुई तो उधर मेरे भगवान को मुझे डांटने फटकारने का एक और अवसर मिला, 'रे सूअर के बच्चे के बच्चे! कर दी न फिर गलती। पता नहीं तुम कितनी गलतियों से बने हो कि जितना तुम्हें गलती न करने की सलाह देता हूं, तुम उतनी ही गलतियां करते हो। समझ में नहीं आता कि तुम जैसे को मैंने आदमी क्यों बनाया?' अब कोई किसी को कितना बर्दाश्त करे? आदमी हो चाहे भगवान! भाई साहब! सहन करने की भी एक हद होती है। वे केवल मेरे भगवान हैं तो इसका मतलब ये तो नहीं हो जाता कि...। आखिर मुझे भी गुस्सा आ गया।

देश दुनीया से

## 'स्लीप डिवोर्स' का कड़वा सच

आजकल के शादीशुदा जोड़ों के बीच एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है और इसकी सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त चर्चा हो रही है। इसे स्लीप डिवोर्स, यानी कि नींद में तलाक का नाम दिया जा रहा है। पूरी दुनिया के समाज शास्त्री और मनोवैज्ञानिक इसको लेकर चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। यह सिंड्रोम यानी विकार कॉर्पोरेट कल्चर के वर्क कल्चर के कारण अपने देश में भी फैल चुका है। हमारे बड़े शहरों में इन दिनों खास तौर पर कॉर्पोरेट दुनिया में काम कर रहे अनेक युवा कपल्स अपनी नींद को तरजीह देते हुए स्लीप डिवोर्स की तरफ बढ़ रहे हैं। स्लीप डिवोर्स का मतलब है कि पार्टनर्स अलग-अलग बिस्तर पर सोना शुरू कर देते हैं, ताकि उनकी नींद खराब न हो और वे पूरी नींद ले सकें। लेकिन कपल्स के आपसी रिश्ते, सेक्स लाइफ और करीबी को लेकर अनेक विसंगतियां पैदा हो जाती हैं। आइए इस मुद्दे का गहन विश्लेषण करें। 'स्लीप डिवोर्स' में पार्टनर ब्रेकअप या तलाक के फेर में नहीं जाते, बल्कि एक ही घर में रहते हुए अलग-अलग सोना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि एक-दूसरे को परेशान किए बिना पार्टनर रातों को चैन की नींद सो सकें। स्लीप डिवोर्स के दौरान अक्सर कपल्स भावनात्मक लेवल पर अलग नहीं होते, बल्कि अपनी नींद पूरी करने के लिए एक-दूसरे से अलग सोते हैं। स्लीप डिवोर्स शब्द का पहली बार प्रयोग कब हुआ, यह ठीक-ठीक कह पाना मुश्किल है। लेकिन 2013 से ही इस शब्द को मीडिया में पढ़ा जा सकता है। अच्छी नींद और सेहत से जुड़े कई हालिया शोधों में भी यह समस्या तेजी से उभरकर सामने आई है। कई विशेषज्ञ अच्छी सेहत को अच्छी नींद से जोड़ते हैं। उनका मानना है कि स्लीप डिवोर्स से न सिर्फ रिश्ते मजबूत होते हैं, बल्कि सेहत भी सुधरती है। स्लीप डिवोर्स या फिर नींद में तलाक का मतलब, असल में एक-दूसरे से अलग हो जाना या तलाक ले लेना नहीं है। इसका मतलब है कि पार्टनर्स क्वालिटी स्लीप लेने के लिए अलग सोना पसंद करते हैं। इसके अलावा, अलग-अलग स्लीपिंग शेड्यूल होने के चलते, दूसरे पार्टनर के नींद में हाथ-पैर चलाने के कारण, खर्राटे लेने की आदत के चलते या कोई स्लीप डिसोर्डर के कारण स्लीप डिवोर्स की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन, अच्छी नींद स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है और इसीलिए बहुत से पार्टनर्स यह मानते हैं कि स्लीप डिवोर्स उनके लिए फायदेमंद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला ने कुछ वक्त पहले तो इस समस्या से जूझ रहे पति से तलाक की अर्जी ही कोर्ट में दाखिल कर दी। काउंसलर्स के लाख समझाने पर महिला तलाक लेने पर ही अड़ी रही। महिला के पति को दरअसल खर्राटे बहुत आते थे। महिला ने तलाक का कारण पति के खर्राटों की वजह से उसे होने वाला मानसिक तनाव प्रमुख वजह बताई थी। इंटरनेशनल हाउसवेयर्स एसोसिएशन ने जनवरी 2023 में एक सर्वे किया था। पता चला कि अमेरिका में तो 20 फीसदी जोड़ों ने एक साथ सोना ही छोड़ दिया, जिसके पीछे प्रमुख वजह पति या पत्नी में से किसी न किसी एक को खर्राटों की समस्या थी। सेंट मैरी यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक डा. स्टेफनी जे. विल्सन द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जब दो लोग नींद से वंचित होते हैं, तो इससे शरीर में सूजन की प्रतिक्रिया बढ़ जाती है, और जोड़े एक-दूसरे के साथ अधिक आक्रामक तरीके से और अक्सर झगडने लगते हैं। यह कितना सच है? स्लीप डिवोर्स को कई लोग अच्छा नहीं मानते हैं। हम इसकी वकालत तो नहीं कर सकते हैं। कुछ मनोवज्ञानिक मानते हैं कि नींद में तलाक के फायदे अनेक हैं, क्योंकि कई बार नींद पूरी न होने के कारण चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है। अगर कपल अलग-अलग सोते हैं तो उनकी नींद पूरी होती है। ऐसे में उनका हेल्थ भी अच्छा रहता है। कई बार ऐसा होता है कि कपल्स के बीच में पर्सनल स्पेस बेहद जरूरी होता है। तो ऐसी स्थिति में वह खुद के साथ कुछ वक्त बिताना चाहते हैं। ऐसे में जब वह अकेले सोते हैं तो उन्हें काफी अच्छा महसूस होता है। क्या यह सच नहीं है कि हर एक व्यक्ति का एक स्लीप रूटीन होता है। यह स्लीप का रूटीन कई बार पार्टनर से मैच नहीं करता है, जिसके कारण उनके रिलेशन में कई तरह की प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। जब वे अलग-अलग सोते हैं, उनके बीच झगड़े भी कम होते हैं। हालांकि, कई बार कपल्स बिना लड़ाई के भी अलग-अलग सोते हैं। इसके पीछे कारण होता है कि वो अलग इसलिए सोते हैं ताकि वे अच्छी नींद ले सकें। आसपास के लोगों को लगता है कि कपल्स के बीच लड़ाई है। तभी वे अलग-अलग सोते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। मनोचिकित्सक कहते हैं की स्लीप डिवोर्स रिश्ते को ज्यादा बेहतर बनाता है। डिवोर्स शब्द सुनते ही हमारे मन में दो व्यक्तियों के बीच अलगाव होने की छवि उभती है, लेकिन स्लीप डिवोर्स में ऐसी कोई बात नहीं। अलग-अलग सोने का बस यही मतलब है कि आपकी नींद की जरूरतें आपके साथी की जरूरतों से मेल नहीं खाती हैं। इसमें संबंधों में कुछ भी अटपटा नहीं है और यह सामान्य है। असल में, अपने पति या पत्नी से अलग दूसरे कमरे में या अलग बिस्तर पर सोना ताकि रात में वह शांति से चैन की नींद ले सके, इसी स्लीप यानी नींद की अवधारणा को स्लीप डिवोर्स कहा जाता है। नींद में तलाक के नुकसान भी हैं। बहुत से एक्सपट्र्स का यह विपरीत मत है कि स्लीप डिवोर्स के कारण कपल्स के बीच दूरियां आ सकती हैं। अगर वे अपने कनेक्शन को बनाए रखने के लिए कोई दूसरा तरीका नहीं ढूंढते हैं, तो स्लीप डिवोर्स के कारण, उनके रिश्ते में दूरी पैदा हो सकती है। एक साथ सोने से टचिंग, किसिंग, कडलिंग और स्पूनिंग पार्टनर के साथ रिश्ते को मजबूत बनाते हैं। नींद में तलाक के दौरान व्यक्ति पहले पहल पार्टनर को मिस करने लगता है और फिर उसी रूटीन को फॉलो करने लगता है। इससे सेक्सुअल लाइफ प्रभावित होती है, जिससे कुछ लोग तनाव का सामना करने लगते हैं। कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि जो जोड़े एक साथ बिस्तर शेयर करते हैं, उनमें मनमुटाव या विवाद के सुलझने की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। जबकि अलग-अलग सोने वाले जोड़े एक ही मुद्दे पर लंबे समय तक झगड़ते रह सकते हैं। ऐसे में रिश्ता टूटने या किसी एक या दोनों के कहीं और स्पेस तलाशने का जोखिम ज्यादा बढ़ जाता है। स्लीप डिवोर्स तभी बेहतर तरह से काम कर सकता है, जब दोनों पार्टनर्स की इस पर सहमति हो। दोनों में ढेर सारा प्यार और एक-दूसरे पर विश्वास हो।

आप का नजरीया

## बच्चों के अधिकार

प्रति वर्ष 20 नवंबर को दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने, बच्चों की समस्याओं को हल करने, बच्चों के बीच जागरूकता तथा बच्चों के कल्याण के लिए काम करने और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष बाल दिवस का विषय है 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार', जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। यह एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है जहां प्रत्येक बच्चा फल-फूल सके और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सके। वयस्कों से अलग बच्चों के अधिकारों को बाल अधिकार कहा जाता है। सही मायनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल दिवस की शुरुआत किए जाने का मूल उद्देश्य बच्चों की जरूरतों को पहचानना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और उनके शोषण को रोकना है, ताकि बच्चों का समुचित विकास हो सके। भारतीय संविधान में भी बच्चों के कई अधिकार निर्धारित हैं। हमारे संविधान के अनुसार प्रत्येक बच्चे को जिंदा रहने का मौलिक अधिकार है और इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य पर है। हर राज्य की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को किसी भी तरह के भेदभाव से बचाए और उनके अधिकारों को बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाए। बच्चे को उच्चतम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा पाने का अधिकार है। राज्य का यह कत्तव्य है कि वह बच्चे के लिए प्राथमिक स्तर की शिक्षा निःशुल्क व अनिवार्य करे। प्रत्येक बच्चे को अच्छा जीवन स्तर पाने का अधिकार है। अक्षम बच्चे को विशेष देखभाल, शिक्षा, प्रशिक्षण पाने का अधिकार है। बच्चे को नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के उपयोग से बचाए जाने का अधिकार है। राज्य का यह कत्तव्य है कि वह बच्चों को हर तरह के दुव्र्यवहार से बचाए। समाज के अनाथ बच्चों को सुरक्षा पाने का अधिकार है, बच्चों को ऐसे कार्यों से बचाए जाने का अधिकार है, जो उसके स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास को हानि पहुंचाएं। किसी बच्चे को बेचना, अपहरण करना या जबरन काम करवाना कानूनी अपराध है, राज्य की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बच्चे को इससे बचाए। राज्य की यह भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को यौन अत्याचारों, वेश्यावृत्ति आदि से बचाए। अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाने की शुरुआत वैसे तो संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1954 में की गई थी, लेकिन वास्तव में यह दिवस वर्ष 1857 में जून के दूसरे रविवार को चेल्सी (मैसाचुसेट्स) में यूनिवर्सल ऑफ दि रिडीमर के पादरी रेवरेंड डा. चार्ल्स लियोनार्ड ने शुरू किया था। लियोनार्ड ने बच्चों के लिए और उनके लिए समर्पित एक विशेष सेवा का आयोजन किया था, जिसे रोज डे का नाम दिया था। कुछ समय बाद इसे फ्लावर संडे नाम दिया गया और बाद में इसका नाम चिल्ड्रन्स डे कर दिया गया। बहरहाल, सभी सरकारों को बच्चों के कल्याण के लिए काम करने की शपथ लेनी चाहिए।

# चतरा विधानसभा से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जनार्दन पासवान ने जीत की दर्ज

## अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी रश्मि प्रकाश को 18401 मतों से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया और चतरा विधानसभा सीट से एनडीए गठबंधन ने जीत हासिल किया है। चतरा विधानसभा से लोक जनशक्ति रामविलास के प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने अपने निकटतम प्रतिदिन रश्मि प्रकाश को 18401 मतों से पराजित किया है। गौरतलब है कि राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश झारखंड सरकार में श्रम ,नियोजन ,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्रवधू है ।चतरा विधानसभा सीट से जहां लोजपा रामविलास के प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने हेमंत कैबिनेट में शामिल मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू और राजद की प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को हराकर हेलीकॉप्टर उड़ाने में सफलता हासिल किया है, वहीं सिमरिया से विधायक रहे उपेंद्रनाथ दास के पुत्र और भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास भी सिमरिया विधानसभा में तीसरी बार कमल खिलाकर अपने दिवंगत पिता का विरासत बचाने में सफल हुए हैं। चतरा महाविद्यालय स्थित मतगणना परिसर पहुंचे उज्जवल दास ने कहा कि यह मेरी नहीं बल्कि विधानसभा क्षेत्र के एक-एक कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व में कह चुका हूं कि विधानसभा क्षेत्र के जनता के मान सम्मान की रक्षा ही मेरी प्राथमिकता होगी। उज्जवल दास ने कहा है कि यह भगवान श्री राम की भी जीत है। देश के लोगों का भगवान राम पर भरोसा व कार्यकर्ताओं के मेहनत के बदौलत जीत हासिल हुई है। चतरा विधानसभा से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के टिकट पर चुनाव लड़कर जनार्दन पासवान ने तीसरी बार विधानसभा की चौखट तक पहुंचने में सफल रहे हैं हालांकि इससे पहले जनार्दन पासवान दो बार रजत के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल कर चुके हैं हालांकि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले जनार्दन पासवान को हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव परिणाम आने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि चतरा की जनता ने अपने स्वाभिमान, सम्मान और विकास के नाम पर वोट किया है और उनके हर सुख दुख में सदैव तत्पर रहेंगे। जबकि सिमरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा को 4001 मतों से पराजित किया है।

**सायरन का जबाव जनता ने दे दिया साइलेंटली : सांसद**

वही सांसद कालीचरण सिंह ने चतरा में इंडिया गठबंधन की बंपर जीत के बाद प्रदेश की हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार और उनके मंत्री की जैसी करतूत है। जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। सांसद ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी। मंत्री ने जिले में सायरन बजाने के अलावे कोई काम नहीं किया है। इसी का परिणाम है कि सत्ता के नशे में चूर श्रम मंत्री को मुंहतोड़ जवाब देकर जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भी लोकतांत्रिक तरीके से सायरन बजाने का अधिकार रखता हूं, लेकिन मैंने अपना अधिकार और सीमा लगने का प्रयास नहीं किया है। सत्यानंद भोक्ता ने खुद को जनता से ऊपर समझ लिया था जिसका जवाब आज उन्हें ना करते हुए जनता ने बखूबी दे दिया।

**एनडीए घटक दल मिलजुल कर विकास को अंतिम पायदान तक पहुंचाएंगे-लोजपा रामविलास प्रदेश अध्यक्ष**

लोजपा राम विलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा है कि झारखंड के विधानसभा चुनाव में एक सीट पर एनडीए गठबंधन के द्वारा चुनाव लड़ने का मौका दिया गया और एनडीए के सभी घटक दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और चतरा विधानसभा से जनार्दन पासवान ने जीत हासिल कर लोजपा रामविलास पार्टी की परंपरा को कायम रखा है। लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि बिहार में लोजपा रामविलास को लोकसभा चुनाव में पांच सीट दी गई थी और घटक दलों के सहयोग से लोजपा रामविलास ने सभी पांच सीट पर जीत दर्ज की है।

## भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास की जीत पर छूटे पटाखे, बंटी मिठाइयां, मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास की जीत पर प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जम कर जश्न मनाया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी साथ ही अबीर गुलाल भी उड़ाये है। कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे के साथ विजय जुलूस निकाल जुलूस में शामिल कार्यकर्ता चौक के सभी मार्गो का भ्रमण किया। विजय जुलूस में भाजपा का झंडा और बैनर से सजा हुआ था। जुलूस में कार्यकर्ता जमकर झूमे और जय श्रीराम का नारे लगाए। जुलूस का शुभारंभ संकट मोचन हनुमान मंदिर से किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने मत्था टेका और विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में दूसरी बार जीत दर्ज की है। इस जीत से कार्यकर्ता गदगद हैं और खुशी से झूम रहे हैं। जुलूस में लखन प्रसाद साहू, परमेश्वर यादव, मुखिया सुधीर सिंह, रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मनोरंजन महाजन, रमेश सिंह, भोला सिंह, रंजीत सिंह, सुबोध पांडेय समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## मुनगाडीह जंगल से अज्ञात युवती का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस हर पहलुओं पर कर रही है गहन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के कोलकोले पंचायत के मुनगाडीड के जंगल से पुलिस नें एक युवती का शव बरामद किया है।ज्ञात हो की घटना स्थल के आसपास के गांव के पशुपालक प्रतिदिन की तरह अपने भैंसों को चराने के लिए लेकर शुक्रवार को मुनगाडीड के जंगल में गए थे।शाम को वापसी के दौरान लावालौंग कुंदा मुख्य सड़क से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर जंगल के अंदर गले में दुपट्टे का फंदा लगाकर एक छोटे झाड़ी के डाली से बंधा देखा।और गांव में आकर इसकी सूचना गांव वालों को दिया।धिरे धिरे काना फुसी होते-होते बात मदनडीह गांव के कुछ युवकों तक पहुंची।इसके बाद युवकों नें स्थानीय पत्रकारों को इसकी सूचना दी।फिर पत्रकारों की टीम ने कोलकोले पंचायत के मुखिया राजेश कुमार साव एवं ग्रामीणों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर सत्यता की जांच की। इस दौरान वहां युवती का शव पाया गया जिसमें कीड़े लग चुके थे।साथ ही बालों को आधा कबाड़कर चेहरा भी कुचला हुआ पाया गया।इसके बाद मुखिया नें थाना प्रभारी रुपेश कुमार राय को इसकी सूचना दी।सूचना पाते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।युवती के शव के पास से ही पुलिस नें एक गुलाबी रंग का पर्स बरामद किया है।जिसमें ऐनक,कंघी,तेल क्रीम और मोबाइल पाया गया।थाना प्रभारी नें बताया कि मोबाइल से सिम कार्ड को निकाल लिया गया है। और सारा डाटा भी डिलीट कर दिया गया है।शव की पहचान भी कर पाना मुश्किल हो रहा है। पुलिस जांच में जुटी है जल्द ही कोई ना कोई सुराग ढूंढ लिया जाएगा।

# मनिका कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह व लातेहार से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम हुए विजयी

## जीत के अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, प्रत्याशी का किया जोरदार स्वागत





**लातेहार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने जीत हासिल करने के बाद पत्रकारों से मुलाकात की और कहा कि मुझे आशा और उम्मीद थी कि इस बार लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह और प्यार मुझे मिलेगा। मैं भरोसा दिलाता हूं की जिस तरह लोगों ने मुझ पर भरोसा कर लातेहार विधानसभा से विधायक के रूप में चुना है मैं अपनी जनता का आवाज को उठाने का काम करूंगा उनके हक अधिकार के लिए लड़ने का काम करूंगा अगर जनता के हित के लिए आवाज सदन तक उठाना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा क्षेत्र में विकास को पहुंचना मेरी पहली प्राथमिकता होगी हमारे क्षेत्र के लोग जो बाहर में मजदूरी करने जाते हैं। मैं उन मजदूर भाइयों को यह विश्वास दिलाता हूं कि अब उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी उनके क्षेत्र में ही रोजगार दिलाने का काम करुंगा।**

**मनिका विधानसभा से दूसरे बार जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान कहा कि मैं सबसे पहले मनिका विधानसभा के माता बहनों एवं नवयुवकों को तहे दिल से धन्यवाद करता हूं की उन्होंने फिर एक बार मुझ पर भरोसा करके मुझे मनिका विधानसभा से विजयी बनाया है और मैं उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि उनके विश्वास पर खरा उतरने का कार्य करूंगा और क्षेत्र में विकास को पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी हर घर रोजगार पहुंचाना एंव माता बहनों को उनके घर तक सरकार के तहत मिलने वाली सारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए, जिनमें लातेहार जिले के दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों, मनिका और लातेहार, के नतीजे काफी रोचक रहे। इन चुनाव परिणामों ने झारखंड की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलावों की ओर इशारा किया है।मनिका विधानसभा सीट पर इस बार का मुकाबला महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह और एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह के बीच कड़ा रहा। कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह को 16211 मतों से हराकर जीत दर्ज की। रामचन्द्र सिंह की जीत ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया और क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता को प्रमाणित किया। श्री सिंह ने अपनी जीत का श्रेय जनता के भरोसे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए किए गए वादों को दिया। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी। कांग्रेस की रणनीति ने युवाओं और किसानों को अपनी ओर आकर्षित किया।दूसरी ओर,भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह ने अपने चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एजेंडे और राज्य में भाजपा की स्थिरता की वकालत की। हालांकि, उन्हें क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी और स्थानीय मुद्दों पर जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा।रामचन्द्र सिंह की जीत कांग्रेस के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सीट लंबे समय तक भाजपा का गढ़ रही थी। इस जीत ने कांग्रेस को पुनः दूसरे बार जीत दिलाकर झारखंड में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका दिया है।लातेहार विधानसभा सीट पर मुकाबला और भी दिलचस्प था। यहां एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने अपने प्रतिद्वंद्वी महागठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी बैधनाथ राम को 752 मतों से हराकर जीत हासिल की। भाजपा की यह जीत पार्टी के लिए बड़ी राहत साबित हुई, क्योंकि राज्य में झामुमो का प्रभाव लगातार बढ़ रहा था।प्रकाश राम ने अपने प्रचार अभियान में विकास कार्यों और आदिवासी कल्याण पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास का वादा किया। इसके साथ ही, भाजपा ने आदिवासी समुदाय को लुभाने के लिए विशेष नीतियां अपनाईं, जिसका फायदा प्रकाश राम को मिला।वहीं, बैधनाथ राम ने झामुमो के पारंपरिक वोट बैंक, यानी आदिवासी और पिछड़े वर्गों, पर भरोसा किया। हालांकि, स्थानीय मुद्दों और झामुमो सरकार की नीतियों को लेकर जनता में असंतोष झलक रहा था, जिसका लाभ भाजपा को मिला। बता दें की जीत की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़ने सुरु कर दिये। एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य तरिके से माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया एक दुसरे से खुशियां जाहिर की। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रकाश राम को अपने गोद में उठा कर प्रकाश राम जिंदाबाद भाजपा पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जय श्री राम के नारे लगाऐ। बम पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाई दिया। वहीं महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने रामचन्द्र सिंह जिन्दाबाद महागठबंधन जिन्दाबाद आदि के नारे लगाए।

**लातेहार जिले में चुनावी माहौल**

मनिका और लातेहार दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के दौरान प्रचार अभियान जोरदार रहा। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों के लिए बड़े स्तर पर प्रचार किया। भाजपा और कांग्रेस ने शीर्ष नेताओं को प्रचार के लिए उतारा, जबकि झामुमो ने स्थानीय नेतृत्व को प्राथमिकता दी।इन चुनावों में मतदाताओं ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी। शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, और आदिवासी अधिकार जैसे मुद्दे प्रमुखता से उभरे।लातेहार जिले के इन चुनाव परिणामों ने झारखंड की राजनीति में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं।

**जनता की भूमिका**

इन चुनाव परिणामों से यह साफ हो गया है कि जनता अब केवल वादों पर भरोसा नहीं करती, बल्कि विकास कार्यों और जमीनी हकीकत को देखती है। मनिका में कांग्रेस और लातेहार में भाजपा की जीत यह साबित करती है कि क्षेत्रीय मुद्दे और जनता की प्राथमिकताएं चुनाव परिणामों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम राज्य की राजनीति के लिए दिशा-निर्देश साबित होंगे। कांग्रेस और भाजपा, दोनों को अपने प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। वहीं, झामुमो को अपनी कमजोरियों पर विचार करना होगा और जनता का विश्वास वापस पाने के लिए रणनीतिक बदलाव करने होंगे।

मनिका विधानसभा से दूसरे बार जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान कहा कि मैं सबसे पहले मनिका विधानसभा के माता बहनों एवं नवयुवकों को तहे दिल से धन्यवाद करता हूं की उन्होंने फिर एक बार मुझ पर भरोसा करके मुझे मनिका विधानसभा से विजयी बनाया है और मैं उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि उनके विश्वास पर खरा उतरने का कार्य करूंगा और क्षेत्र में विकास को पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी हर घर रोजगार पहुंचाना एंव माता बहनों को उनके घर तक सरकार के तहत मिलने वाली सारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

## नहीं रहे समाज के रीड कहे जाने वाले समाजसेवी राजेंद्र पाण्डेय



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर पांडेय के पुत्र राजेंद्र पांडेय 65 वर्षीय करीब 15 दिनों से बीमार चल रहे थे।जहां इलाज के लिए रिम्स रांची में भर्ती कराया गया था। जो इलाज के दौरान स्वर्गवास शनिवार को अहले सुबह 4:00 बजे हो गई। बता दें की जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के मजबूत स्तंभ अपने जमाने के मजबूत समाज सेवक गिद्धौर प्रखंड कमिटी के पुर्व संरक्षक तथा चतरा जिला कमिटी के पूर्व कार्य समिति सदस्य रह चुके थे। इन्होंने रिम्स अस्पताल में अंतिम सांस लिया। कई महीनों से बीमार चल रहे थे। इनका अग्नि संस्कार कार्यक्रम बारिसाखीं स्थानीय श्मशान घाट किया गया। इस दुःख के घड़ी में चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज गिद्धौर प्रखंड ब्राह्मण समाज गहरा शोक संवेदना प्रकट किया। तथा भगवान से प्रार्थना किए की मृतक प्राणी केआत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें। तथा गांव में शोक की लहर है। सभी लोगों नेभावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पीत किया।

## सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की मतदाताओं ने जो भी जनादेश दिया है मैं संतुष्ट हूं : मनोज चंद्रा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधान सभा अ ज 26 से उज्वल दास 4001 मतों से मनोज कुमार को पराजित कर जीत का सेहरा सर पर बांधा है। मनोज कुमार चंद्रा ने सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण मतदाताओं को आभार जताया है। कहा है कि मुझे जो भी जनमत मिला है मैं खुश हूं। मैं पूर्व के तरह हीं ग्रामीण जनताओं के साथ हर मुसीबत में खड़ा रहूंगा। मुझे कोई अफसोस नहीं है कि मुझे जीत नहीं मिली है। हां इतना जरूर कहूंगा कि ग्रामीण मतदाताओं का मैं दिल जीत नहीं पाया। आने वाले दिनों में मैं पूरा प्रयास करूंगा। वैसे मुझे 107905 हजार मतों से मतदाताओं ने नवाजा है। वहीं उज्वल दास को 111906 मत देकर विजयी घोषित किया गया है।

## सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां फोड़े पटाखे



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक उज्जवल कुमार दास के जीत की खुशी में जमकर खुशियां मनाएं। बता दें की सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कुमार उज्जवल दास की जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने चौक चौराहे में जमकर खुशियां मना रहे हैं। तो वही जगह-जगह पर बम पड़ाके फोड़ करके अपनी अपनी खुशियां जाहिर कर रहे हैं। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने बतलाया कि शांतिपूर्ण तरीके से हमारे पूर्ण कार्यकर्ता खुशी मना रहे हैं।एवं विधायक उज्जवल कुमार दास को ढेर सारी शुभकामनाएं कहे हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के साथ दर्जनों कार्यकर्ता शामिल है। कपिल कुमार ने बतलाया कि रविवार को विजय जुलूस निकाली जाएगी।

## पुलिस ने दुर्दांत अपराधी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना पुलिस ने दुर्दांत अपराधी व बारियातू थाना एनडीपीएस कांड 48/23 के फरार अभियुक्त बिगन साव को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की।थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि - बारियातु थाना अंतर्गत एनडीपीएस कांड संख्या 48/23 के धारा -17(सी )/18 (बी)/ 22(सी ) एनडीपीएस के तहत नामजद अभियुक्त बिगन साव, पिता- स्व तपेश्वर साव, ग्राम - डाढा, थाना- बरियातू जिला - लातेहार को विधिवत प्रक्रिया पुरी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। उन्होंने कहा कि अपराधी बिगन साव कई वर्षो से फरार चल रहा था। पुलिस ने छपामारी टीम गठन कर गिरफ्तार किया।छपामारी में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह, पुअनि निर्मल मंडल, सअनि सुरेश कुमार सिंह सदलबल मौजूद थे।

## अज्ञात हाइवा के धक्के से युवक हुआ घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-चतरा एनएच 22 पर शनिवार को बरनी ग्राम के समीप हाईवा के धक्के से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रूपनाथ उरांव 50 वर्ष पिता छोटू उराँव ग्राम पुकचु थाना बरियातू निवासी जंगल से जानवर चराकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान एनएच 22 पर स्थित बरनी ग्राम के पास एक अज्ञात हाइवा ने उसे धक्का मार दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों द्वारा उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# हजारीबाग जिले में एनडीए प्रत्याशियों की प्रचंड जीत पर हजारीबाग सांसद ने दिया बधाई

**- एनडीए कार्यकर्ताओं का जताया आभार, कहा हजारीबाग वासियों ने विकास के लिये दिया वोट, हम मिलकर हजारीबाग को बढ़ायेंगे आगे**

**- जनता ने झारखंड में जिन्हें दिया जनादेश वो चलायेंगे सरकार, हम पूर्व की तरह जनहित में निभायेंगे विपक्ष की भूमिका : मनीष जायसवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के कुशल और सफल नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और हजारीबाग जिले में एनडीए गठबंधन ने इतिहास रच दिया है। हजारीबाग जिले के सभी पांच विधानसभा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चार विधानसभा क्षेत्र में एनडीए का पताका लहराया है। हजारीबाग जिले से इस बड़ी जीत सुनिश्चित होते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अत्यंत हर्षित होकर बाजार समिति स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और जीते हुए प्रत्याशियों से मिलकर उन्हें बधाई दिया और विक्ट्री निशान दिखाकर खुशी का इजहार किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मतगणना केंद्र में मीडिया से बात करते हुए खुशी का इज़हर करते हुए कहा कि हजारीबाग की जनता ने एनडीए प्रत्याशियों विशेषकर भाजपा प्रत्याशियों को अपना भरपूर स्नेह, प्रेम और समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि गर्व की बात यह है कि बीजेपी प्रत्याशियों के बड़े मार्जिन के जीत में हजारीबाग एक, दो और



तीन नम्बर पर संभवतः रहेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र और जिले के तमाम मतदाताओं का आभार जताते हुए धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने विकास के लिए अपना वोट दिया है हमलोग मिलकर हजारीबाग को आगे ले जाने का पूरा प्रयास करेंगे। झारखंड की सत्ता पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने जिन्हें जनादेश दिया है वह सरकार चलाएंगे लेकिन पहले की तरह हम लोग मजबूत विपक्ष की भूमिका में राज्यहित और राज्य के जनता के हित में कार्य करेंगे। ज्ञात हो कि हजारीबाग जिले से बरही से बीजेपी के मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा से बीजेपी प्रत्याशी अमित कुमार यादव, बड़कागांव से बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, मांडू से आजसू के निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो, हजारीबाग सदर से बीजेपी के प्रदीप प्रसाद ने जीत दर्ज किया है ।

## बरही विधानसभा से भाजपा की ऐतिहासिक जीत, भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव 49 हजार 291 वोटों से विजयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज यादव ने रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की है। उन्होंने 49 हजार 291 मतों के भारी अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू को हराकर ऐतिहासिक विजय हासिल की। मनोज यादव को कुल 1,13, 274 वोट मिले, जो बरही विधानसभा के इतिहास में किसी भी प्रत्याशी द्वारा प्राप्त सबसे अधिक मत हैं। इस बार बरही विधानसभा में जीत का अंतर 49291 भी अभूतपूर्व रहा। विपक्षी प्रत्याशी इस अंतर को कम करने में भी असफल रहे। निकटतम प्रत्याशी कांग्रेस के अरुण साहू को 63983 मत प्राप्त हुए। वहीं सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला को 23629 मत



प्राप्त हुए। भाजपा समर्थकों ने इस शानदार जीत का जोरदार उत्सव मनाया। मिठाई बांटने और विजय जुलूस निकालने के साथ पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा।जीत के बाद मनोज यादव ने अपने समर्थकों का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, बरही विधानसभा के मतदाताओं ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर भाजपा को समर्थन दिया। यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की है, जिन्होंने इस चुनाव को सफल बनाया।चुनाव परिणाम की शुरुआत से ही भाजपा ने बढ़त बनाए रखी। शुरुआती रुझानों से ही मनोज यादव आगे चल रहे थे और अंत तक यह बढ़त बरकरार रही। यह जीत न केवल भाजपा के लिए, बल्कि पूरे बरही क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मनोज यादव की जीत पर समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला। क्षेत्र में जगह-जगह जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जीत विकास, स्थिरता, और भाजपा की जनहितैषी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। मनोज यादव की इस ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्र में विकास को लेकर नई उम्मीदें जाग उठी हैं। मतदाताओं को विश्वास है कि भाजपा की अगुवाई में बरही विधानसभा अब विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

## सुबह पांच बजे से ही मतगणना स्थल पहुंचने लगे थे लोग, उपायुक्त लगातार मतगणना स्थल पर मतगणना केंद्रो का भ्रमण कर लेती रही जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बाजार समिति स्थित मतगणना केंद्र में सुबह पांच बजे से ही राजनीतिक पार्टी के काउंटिंग एजेंड प्रवेश के लिए लाइन में लग गये थे. मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए बाजार समिति के बाहर बेरिकेडिंग की गयी थी. प्रवेश स्थल पर मजिस्ट्रेट व पुलिसकर्मी तलाशी के बाद मतगणना केंद्र के अंदर जाने दे रहे थे. मतगणना कर्मियों को भी जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद प्रवेश दिया गया. चार विधानसभा सीट की काउंटिंग = हजारीबाग बाजार समिति में हजारीबाग सदर विधानसभा सीट, बरही, बरकट्ठा और मांडू विधानसभा सीट के लिए पड़े मतों की गिनती हुई. हजारीबाग सदर विधानसभा सीट को लेकर 24 टेबल बनाये गये थे और मतगणना 21 राउंड में समाप्त हुआ.




मांडू सीट के लिए 24 टेबल के 22 राउंड में मतों की गिनती समाप्त हुई. बरकट्ठा सीट की गिनती 23 राउंड में 21 टेबल पर की गयी. वहीं बरही विधानसभा सीट के मतों की गिनती 20 राउंड में पूरी की गयी. इसके लिए 20 टेबल लगाये गये थे. मतगणना सुबह 8.30 बजे से शुरू~ चार विधानसभा सीट की मतगणना बाजार समिति में सुबह 8.30 बजे शुरू हुई. सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की गयी. विभिन्न विधानसभा सीट के लिए पहला रुझान सुबह 9.30 बजे से शुरू हुआ. इस दौरान डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह मतगणना कार्य का लगातार निरीक्षण करते रहे। मतगणना की सभी प्रक्रियाओं पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए हुए थी। उपायुक्त चारों विधानसभा के लिए बने मतगणना केंद्रों पर भ्रमण कर संचालित हो रहे क्रियाकलापों का लगातार निरीक्षण कर रही थी। मतगणना केंद्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, तथा हर जगह सीसीटीवी से निगरानी की जा रही थी। मतगणना स्थल पर बने नियंत्रण कक्ष में उपायुक्त सीसीटीवी के माध्यम से सभी प्रक्रियाओं पर अपनी नजर रख रही थी। नियंत्रण कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद भी मौजूद थे।

## जीत के जश्न मे डूबे विजेताओं के समर्थक, जमकर हुई आतिशबाजी, खूब उड़े अबीर गुलाल






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में चुनाव परिणाम आने के बाद जैसे ही विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हुई। भाजपा समर्थकों में जोश और उमंग भर आया। भाजपा समर्थकों ने शहर से लेकर गांव में गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला। इसमें दर्जनो भाजपा समर्थक शामिल हुए और जश्न मनाया। विजय जुलूस में भाजपा समर्थक होली की तरह अबीर गुलाल उड़ाते नजर आए। वही दीपावली की तरह पटाखे फोड़ते नजर आए।कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। जिस मार्ग से जुलूस गुजर रहा था। उस रास्ते से आम लोग बेसब्री से इंतजार करते नजर आए। जुलूस में शामिल होकर आमलोग भी खुशी का इजहार करते नजर आए। शहर के जुलूस मार्ग में भीड़ के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। जुलूस मार्ग में दुपहिया और कार जैसे वाहन रुक-रुक कर आगे चल रहे थे। शहर में कई जगहों पर यातायात थम सा गया था। हालांकि मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा अमला डीएसपी स्तर के पदाधिकारी अमित कुमार आनंद और मनोज कुमार सिंह ने संभाल रखा था। वहीं शहर में भी पुलिस का कड़ा पहरा था। सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टू रजक, लोहसिंधना थाना प्रभारी संदीप कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी पुलिस शमशेर बहादुर सशस्त्र बल के साथ शहर में गश्त लग रहे थे। शहर के सड़कों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई थी। शहर में किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हर चौक चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के जवान तैनात थे। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पुलिस की नजर विजय जुलूस पर टिकी हुई थी।

## सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रदीप प्रसाद की जीत पर समर्थकों में उमंग और उत्साह

**यह जीत मेरी नहीं, सदर विधानसभा की जनता की जीत है : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदीप प्रसाद ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मुन्ना सिंह को 43516 मतों से हराते हुए जनता का विश्वास और समर्थन हासिल किया। उन्हें कुल 137372 मत प्राप्त हुए हैं। मतगणना के प्रथम राउंड से ही प्रदीप प्रसाद ने अपनी बढ़त बनाए रखी जो अंततः जीत मे परिवर्तित हो गई।

**सामाजिक सेवा बनी जीत की आधारशिला**

प्रदीप प्रसाद पिछले कई वर्षो से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कई योजनाओं को जमीन पर उतारा है। उनके कार्यों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता, और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना शामिल है। उनकी ईमानदारी, सादगी और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें आम जनता के बीच लोकप्रिय बना दिया।



**जश्न और विजय जुलूस का नजारा**

प्रदीप प्रसाद की जीत की घोषणा होते ही क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। डिस्ट्रिक्ट मोड़ से शुरू हुआ विजय जुलूस पूरे क्षेत्र में घूमते हुए ऐतिहासिक बन गया। हजारों की संख्या में समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। जुलूस के दौरान फूलों की वर्षा और पटाखों की गूंज ने माहौल को उत्सवमय बना दिया।

**अपनी ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा,**

यह जीत मेरी नहीं, सदर की जनता की जीत है। मैं इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा। आप सबने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है, मैं उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। अब हमारा अगला कदम सदर को विकास और खुशहाली का एक आदर्श उदाहरण बनाना होगा। प्रदीप प्रसाद ने अपने चुनावी अभियान के दौरान जनता से किए गए वादों को दोहराते हुए कहा कि अब प्राथमिकता क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना, रोजगार के नए अवसर पैदा करना, और स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना होगा।

## सीमा सुरक्षा बल के 356 नवआरक्षक दीक्षांत परेड में हुये शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, मेरु हजारीबाग के 'रानी झांसी परेड ग्राउंड' में दिनांक 23 नवंबर 2024 (शनिवार) को सीमा सुरक्षा बल के 356 नवआरक्षकों (सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग के बैच संख्या 165 एवं 166) जो कि भारत के विभिन्न प्रांतो, जैसे- केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक इत्यादि से हैं, 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन एवं साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए हैं । कमलजीत सिंह बनयाल, महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत परेड की सलामी ली । इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, लोक प्रतिनिधि






सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण एवं नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे द्य दीक्षांत परेड में शामिल 356 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया । समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नवआरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया द्य इस दौरान मुख्य अतिथि ने सर्वोत्तम नवआरक्षक समेत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवआरक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया । बतौर मुख्य अतिथि कमलजीत सिंह बनयाल, महानिरीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि, आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल जो कि भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए हैं और बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं । उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता एवं परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा की अपने अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र-सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है । उन्होंने सहायक प्रशिक्षण केंद्र के कुशल अनुदेशकों की टीम को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सराहना की । दीक्षांत परेड के उपरांत बीएसएफ बैंड की धुन ने दर्शकों को काफी आकर्षित किया द्य इसके अलावा जवानों के द्वारा वेपन हैंडलिंग, केरल राज्य के मार्शल आर्ट कलारी पट्टू तथा केंद्रीय विद्यालय, मेरु एवं माउंट लिट्रा सिलवार के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की ।

## दिन भर मानते रहे जश्न अंतिम समय पर कई प्रत्याशियों के उम्मीदों पर फिरा पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला व लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा चुनाव में अंतिम समय में कई प्रत्याशियों के उम्मीदों पर पानी फिर गया। इसमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाला मामला मांडू और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का रहा जहां के प्रत्याशी शुरू से ही लगातार बढ़त बनाते रहे लेकिन अंतिम समय में उनके उम्मीदों पर पानी फिरा और फिर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी जानकी यादव के समर्थक दिनभर मतगणना स्थल पर जश्न मनाते रहे वहीं अंतिम राउंड में भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार यादव ने जीत दर्ज कर झामुमो प्रत्याशी के उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया ।वहीं मांडू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लगातार बढ़त बनाए रखा लेकिन अंतिम समय में आजसू प्रत्याशी तिवारी महतो ने उनके जीत के सपनों को चकनाचूर कर दिया। हजारीबाग जिला व लोकसभा क्षेत्र में जहां दो विधायक कांग्रेस के थे वही अब मात्र एक रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी जीत कर कांग्रेस के खाते में एक सीट देने का काम किया। मांडू और बरकट्ठा के कार्यकर्ता दिनभर अपने प्रत्याशी के जीत पर जश्न मनाते नजर आए लेकिन शाम चार पांच बजे हार होने के बाद उनमें मायूसी छा गई। जिसके कारण कई कार्यकर्ताओ के दिल टूट गया । कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के हार के बाद मायूस होकर अपने अपने घर लौट गए। हजारीबाग, बरही, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के जीत पर भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए। सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रदीप प्रसाद के जीत के बाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में भाजपा कार्यकर्ता ढोल ताशे के साथ जुलूस निकालकर जश्न मनाया।

# रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित

# रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी और बड़कागांव से भापजा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी बने विजौता











**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 23 नवंबर को मतगणना हुई। रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा चुनाव के लिए रामगढ़ कॉलेज में मतगणना संपन्न हुई। जहां रामगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी विजय घोषित हई। उन्होंने अपने निकटमत प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 6790 मतों से पराजित किया। ममता देवी को 89818 मत मिले जबकि उनके निकटतक प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 83028 मत मिले। जेएलकेएम के पनेश्वर कुमार को 70979 मत मिले।

रामगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले राउंड के लिए हुई मतगणना में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 7166 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को 4123 मत और जेएलकेएम 418 मत प्राप्त हुए। दूसरे राउंड की मतगणना में सुनीता चौधरी 15233 मत, ममता देवी 8213 मत और पनेश्वर कुमार 984 मत प्राप्त कर चुके थे। तीसरे राउंड की मतगणना तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 23342 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 11285 मत और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार 2254 मत प्राप्त कर चुके थे। चौथे राउंड के मतगणना तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 27650 , कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 16126 और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार को 4074 मत मिले। पांचवे राउंड तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 32404 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 19875 मत और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार 9451 मत प्राप्त कर चुके थे। छठे राउंड तक सुनीता चौधरी को 36446, ममता देवी को 24856 व पनेश्वर कुमार को 14528 मत प्राप्त हुए। सातवें राउंड तक सुनीता चौधरी को 39237, ममता देवी को 30017 और पनेश्वर कुमार को 19659 मत मिले।

12वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 56047 मत, ममता देवी को 49548 और पनेश्वर कुमार को 39826 मत मिला। 13वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 53534 मत, सुनीता चौधरी को 60219 मत, ममता देवी को 53534 मत और पनेश्वर कुमार को 42856 मत मिला। 14वें राउंड तक सुनीता चौधरी 63324 मत, ममता देवी को 59017 मत और पनेश्वर कुमार को 45498 मत मिला। 15वां राउंड तक सुनीता चौधरी को 66449, ममता देवी को 63989 और पनेश्वर कुमार को 49163 मत मिला। 16वें राउंड राउंड तक सुनीता चौधरी को 70747, ममता देवी को 68392 और पनेश्वर कुमार को 53580 मत मिला। 17वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 76541, ममता देवी को 77601 और पनेश्वर कुमार को 60638 मत मिला। 18वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 78735, ममता देवी को 81786 और पनेश्वर कुमार को 65294 मत मिला। 20वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 81058, ममता देवी को 87372 और परेश्वर कुमार को 68696 मत मिला। अंतिम राउंड की गिनती तक सुनीता चौधरी 83028 मत, ममता देवी को 89818 मत और पनेश्वर कुमार को 70979 मत मिले और कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 6790 मतों से विजय रहीं। उन्होंने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को पराजित किया।

इस चुनाव में रामगढ़ जिला प्रशासन भी काफी मुस्तैद दिखा रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार के द्वारा चुनाव भर पुरे मुस्तैदी से लग रहे जिला प्रशासन का सभी ने सराहनीय कदम बताया और जिला प्रशासन के कारण ही वोटिंग का परसेंटेज भी काफी पड़ा। चुनाव के दिन सुबह से ही रामगढ़ डीसी , एसपी , जिला प्रशासन , पुलिस प्रशासन पूरा काउंटिंग करने में लगे हुए थे जिससे इस चुनाव में कहीं भी कोई भी घटना नहीं घटी जिससे चुनाव बहुत ही निष्पक्ष रूप से जिला प्रशासन के द्वारा कराया गया

## जेएमएम व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जितने पर उरीमारी में जमकर हुई आतिशबाजी,बटी मिठाइयां

**❍ एनडीए का हुआ अंत,झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन कि बनेगी सरकार-संजीव बेदिया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** ारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रचंड बहुमत हासिल करने पर एवं झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सोरेन कि गंठबंधन सरकार बनाने कि खुशी मे उरीमारी के झामुमो कार्यालय में शनिवार को झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में गठबंधन कि जीत हासिल करने और झामुमो के प्रत्याशियों कि जीत पर खुशी मनाई गई। यहां झामुमो कार्यकर्ताओ ने जमकर आतिशबाजी कि और एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहीं हुई बात सच साबित हुई। आज पुरे झारखंड में एनडीए सरकार का अंत हो गया। पुरे झारखंड के लोगों ने अपना आशीर्वाद झामुमो को दिया। अब हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुनः एक बार झारखंड में गठबंधन कि सरकार बहुमत के साथ बनाने जा रहे हैं। मौके पर शंकर साव,पियुष बेदिया,नित्यानंद बेदिया,जय प्रकाश सिंह,विनोद बेदिया,जावेद खान,उदय मेहता, सिद्धार्थ,आकाश,शत्रुघ्न सिंह,धर्मबीर सिंह,अनिल साव, कुलदीप साव,सुरहीद सरकार, अजित सिंह,गुड्डू साव, ओमप्रकाश सिंह,भरजीत सिंह, लालबहादुर मांझी,बिरसा मांझी, मनोज कुमार , संजय प्रसाद,मनी करमाली,बिजय साव, नरेश प्रजापति सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फेल कर गया भाजपा का विभाजन का मुद्दा : मुशर्रफ हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव (संगठन) ने कहा की फेल कर गया भाजपा का विभाजन करने वाला मुद्दा भाजपा कभी भ्रष्टाचार, कभी घुसपैठिये कभी बटोगे तो कटोगे, कभी एक हो तो सैफ हो जैसे भ्रामक नारे देते रही। जिसका कोई प्रभाव राज्य के जनता को नहीं पड़ा एवं राज्य की जनता एक वोट सात गारंटी वाली सरकार को चुना जिसमें गारंटी किसान कल्याण, गारंटी शिक्षा की, गारंटी मईया सम्मान , गारंटी सामाजिक न्याय की, गारंटी खाध सुरक्षा , गारंटी 1932 खतियान , रोजगार एवं स्वास्थ्य को देखते हुए झारखंड की जनता ने वोट किया और हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन को राज्य की जनता पुनःप्रचंड बहुमत से विजय बनाया।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एचडीएफसी बैंक एवं राधा गोविंद विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से रक्त दान शिविर का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एचडीएफसी बैंक एवं राधा गोविंद विश्वविद्यालय के संयुक्त रूप से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ) अशोक कुमार , प्रबंध समिति सदस्य श्री अजय कुमार,एवं एचडीएफसी बैंक मैनेजर संदीप गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्त दान शिविर में विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण , शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 23 लोगों ने रक्त दान किया। एचडीएफसी बैंक के मैनेजर संदीप गुप्ता ने कहा की बैंक प्रत्येक वर्ष अलग अलग क्षेत्रों में शिविर लगाने का कार्य किया है। इस बार राधा गोविंद विश्वविद्यालय में सेवा करने का मौका मिला। और पूरे विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया । टीम ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने रक्त दान कर रहे सभी को हार्दिक बधाई का संदेश दिया और उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्य है । कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक के पूरे टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। मौके पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष , व्याख्यातगण , एचडीएफसी बैंक के अश्विनी कुमारी , संपत चौरसिया , शिखा,तरुण तूलिका एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ़ के द्वारा पिकनिक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो स्कूली बच्चों को पिकनिक सह शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यालय से बाहर ब्रिगेडियर पुरी पार्क ले जाया गया। इस पिकनिक में प्रभारी प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय से बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराने से बच्चों में कौशल विकास के साथ-साथ मानसिक विकास होता है। बच्चों ने साथ में मिलकर अपना लंच खाया। सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से केला और सेव् का वितरण किया गया। बच्चों ने यात्रा के दौरान गीत गाते हुए और मस्ती करते हुए इस यात्रा को सुखद बनाया। उसके बाद पार्क में रंग-बिरंगे पौधे, पशु- पक्षियों को देखकर बहुत खुश हुए। सभी छात्र एवं छात्राएं अध्यापकों की देखरेख में थे एवं पार्क में घूम कर काफी उत्साहित दिख रहे थे। छात्रों का उत्साह एवं पार्क का सौंदर्य दोनों ही देखने में काफी मनोहर लग रहा था एवं एक अलग सी अनुभूति प्रदान कर रहा था। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजन पर हर्ष एवं संतोष व्यक्त किया। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आने वाले दिनों में शेष वर्गों के छात्र-छात्राओं को भी पिकनिक सह शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने की योजना है। आज विद्यालय के बाल वाटिका (कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक) के बच्चों को शामिल किया गया था। विद्यालय के खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी की देखरेख में वर्ग शिक्षिका अनीता देवी, रिया कुमारी, रिंकी सिंह एवं श्वेता प्रसाद ने बच्चों को सुरक्षित भ्रमण करने में सहयोग दिया।

## जीत के बाद ममता देवी ने रामगढ विधानसभा में निकला विजय जुलूस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा से महा गठबंधन प्रत्याशी ममता देवी जो कांग्रेस से चुनाव लड़ रही थी और आजसू की प्रत्याशी सुनीता चौधरी चुनाव लड रही थी ममता देवी ने सुनीता चौधरी को 6700 वोटो से हरा दिया और ममता देवी को जीत के बाद रामगढ़ एसडीओ के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया उसके बाद ममता देवी ने विजय जुलूस निकाला। खुली जीप में सवार होकर रामगढ़ विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पूरे रामगढ़ शहर में भ्रमण किया। ममता देवी के साथ उनके पति बजरंग महतो, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष शहजादा अनवर , दुलमी बीस सूत्रीय अध्यक्ष सुधीर मंगलेश , रामगढ बीस सूत्रीय अध्यक्ष दिनेश मुंडा एवं भारी संख्या में कार्यकर्ताओं शामिल होकर विजय जुलूस पूरे रामगढ़ शहर में भ्रमण किया । इस विजय जुलूस में ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी भी पूरे शहर में देखने को मिला।

# कांग्रेस के सुरेश बैठा के ऐतिहासिक जीत पर खलारी में जश्न, बंटी मिठाइयां, घंटो आती रही पटाखों की आवाज

## 39 साल बाद जनता ने निर्णय बदला, भाजपा का नहीं रहा कांके







प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : कांके विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का कोई भी उम्मीदवार चुनाव जीत सकता है, यह मिथक टूट गया. तीन चुनाव से दूसरे नंबर पर रह रहे कांग्रेस के सुरेषकुमार बैठा ने 23वें राउंड पूरा होने पर निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के डा जीतूचरण राम से 968 मतों का बढ़त बरकरार रखते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की. जनता अपना फैसला बदली और 1985 के चुनाव के बाद एकबार फिर से कांग्रेस पर भरोसा जतायी है. दोपहर बाद से ही आईएनडीआईए गठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक अपने घरों से निकलकर खलारी के चौक चौराहों पर जमा होने लगे. धीरे धीरे खलारी के मुख्य बाजार केडी स्थित हिन्दूगढ़ी चौक पर जीत का जश्न मनाने कार्यकर्ता व समर्थक जुटने लगे.रूझानों में कांके से सुरेश बैठा की बढ़त देखते ही कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता गया. अंतर कम होता जा रहा था फिर भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ. इसबार वे जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थे.अंततः 23वें राउंड के बाद सुरेश बैठा के जीत की घोषणा कर दी गई. हिन्दूगढ़ी चौक पर पटाखे जलाए जा रहे थे वहीं जीत के नारे भी लगते रहे. कांग्रेस के अलावा झामुमो, राजद कार्यकर्ता एक दूसरे को जीत की बधाई देते दिखे. मिठाई खाने खिलाने का दौर चलता रहा. कभी कांग्रेस की ओर से तो कभी झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से. देर रात तक रूक रूक कर पटाखों की आवाज सुनाई देती रही। जश्न मनाने वालों में खलारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी, राजेशसिंह मिंटु, झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, रंजनसिंह बिट्ठु, मोनू सिंह, कुमूद रंजन, मनीश भुईयां, अजय सिंह बबलू, बीरेन्द्र यादव, भोला यादव, सुरेन्द्र यादव, प्रिंस सिंह, जहीर अंसारी, रबूल खान, शौकत अंसारी, असलम अली, विकास सिंह, रवि कौशिक, इम्तियाज खान, मुबारक अंसारी, तौसिल अंसारी, इरफान अंसारी, नंदु मेहता, रंथु उरांव, महेन्द्र चौहान, चितरंजन सिंह, सुभाश प्रजापति, रमेश तुरी, दशरथ तुरी, सिद्धेश्वर सिंह, राजेश गोप, सुनील यादव, छोटु राम, मुन्ना देवी, सुधा देवी, अनिता देवी, प्रतिमा एक्का, नीलम मिंज, अनुराधा देवी, सबिता देवी, शिवानी यादव, चंदा देवी सहित काफी संख्या कांग्रेस, झामुमो एवं राजद कार्यकर्ता शामिल थे.

**हेमंत सोरेन के कल्याणकारी योजनाओं का नतीजा : अनिल**

झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड के अध्यक्ष अनिल पासवान ने कांके से आईएनडीआईए गठबंधन के जीत पर कहा कि कांके सहित राज्य भर में आईएनडीआईए गठबंधन की जीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कल्याणकारी योजनाओं का नतीजा है. हेमंत सोरेन के द्वारा मंइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, घरेलु उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफी का निर्णय जैसी कल्याणकारी योजनाओं के बदले जनता ने जीत के रूप में इनाम दिया है.

**सुरेश बैठा के नेतृत्व में होगा कांके विधानसभा का विकास : साबीर**

खलारी प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी ने खलारी व राज्य की जनता को बधाई देते हुए कहा कि इस बार फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनना तय हो गया है. कांके में लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस को जीत मिलने से खुशी दोगुनी हो गई है. राज्य में और भी अधिक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएंगी. सुरेश बैठा के नेतृत्व में कांके विधानसभा का चहुमुखी विकास होगा। खलारी में आधारभूत संरचना से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए काम किया जाएगा.

**आईएनडीआईए गठबंधन पर विश्वास जताने के लिए जनता का आभार : अब्दुल्ला**

खलारी के मजदूर नेता ने आईएनडीआईए गठबंधन पर विश्वास जताने के लिए खलारी, मांडर व राज्य की जनता का आभार जताते हुए बधाई दिया. कहा कि जनता के विश्वास पर आईएनडीआईए गठबंधन सरकार खरी उतरेगी. मालूम हो कि चुनाव से पूर्व अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी सहित कांके विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों तथा मांडर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए काफी मेहनत किया. अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में खलारी के भूतनगर डकरा में जीत का जश्न मनाया गया. जश्न में मनाने वालों में सुनील सिंह, सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, अशोक सिंह, धर्मेन्द्र चौहान, राकेश चौहान, चंदन चौहान, राजू तुरी, राहुल तुरी, सोनू तुरी, अमजद खान, शिव तुरी, अशोक भैया, विनोद तुरी, फिरोज अंसारी, हरिशंकर यादव, सुरेश यादव, तारकेश्वर यादव, अकबर खान, तबारक अंसारी, कृष्णा चौधरी, कृष्णा चौधरी, नागेश्वर तूरी, नकुल तूरी, रंजीत गंझू आदि शामिल थे.

# शिल्पी नेहा तिर्की दोबारा बनी विधायक, क्षेत्र में खुशी की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** कांग्रेस से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के दोबारा चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है । कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। जगह-जगह मिठाइयां बांटी जा रही है। साथ ही पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई जा रही है। झारखंड विधानसभा के हुए चुनाव में कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने 133568 वोट लाकर बीजेपी के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को 22135 मतों से पराजितकी। मौके पर बोलते हुए मांडर प्रखंड अंजुमन के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि यह आपसी प्रेम और सद्भाव की जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में हेमंत सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। काफी जन कल्याणकारी योजनाएं लाई है। जिसका नतीजा यह है कि आज मांडर के साथ-साथ झारखंड में भी लोगों ने उन्हें सर आंखों पर बैठाया। वहीं झामुमो के मांडर प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा ने भी कहा कि



हेमंत सरकार हमेशा से गरीबों के हित के लिए काम करते आई है। उन्होंने कोरोना कल में गरीबों मजदूरों की मदद की। साथ ही ग्रामीण लोगों को ध्यान में रखते हुए तरह-तरह की योजनाएं लाई। जिसका नतीजा है कि लोग उन्हें भारी मतोंसे जीताया है। इस मौके पर मांडर विधानसभा में जगह-जगह चौक चौराहों में पटाखे फोड़ कर और मिठाइयां बाँटकर खुशियां मनाई गई।

# रामगढ़ के कोयला कारोबारी की नाले में गिरने से हुई मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी थानांर्गत सीसीएल एनके एरिया के केडीएच कांटाघर स्थित नाले में गिरने से कोयला लोड कराने आए रामगढ़ चट्टी बाजार निवासी दिलीप राम (50 वर्ष पिता स्वर्गीय मंगू राम की मौत हो गई। घटना शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिलीप राम केडीएच कांटा में कोयला गाड़ी को कांटा कराने के बाद कांटा घर के बगल में ही एक नाले को पार करने के क्रम नाले में ही गिर गया। जिसके बाद उसे तत्काल डकरा सेन्ट्रल अस्ताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर खलारी पुलिस छानबीन करने घटना स्थल पर पहुंची। साथ ही पुलिस ने डकरा अस्पताल से शव को अपने कब्जे में ले लिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्व पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है : 1. ई निविदा सं. : GEM/2024/B/5578878. 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Manning of 04 Nos. Traction Sub-stations (NUQ/TSS,BRHI/TSS, RNQ/TSS & Nawadih/TSS) in Dhanbad Division for a period of three (03). कार्य समापन अवधि : (03) तीन वर्ष। 02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹2,27,08,917, निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य/– 03. बिड सिक्युरिटी : ₹2,63,600/–, 04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि : 13.12.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि : 13.12.2024 को 11.30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.gem.gov.in जेम निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./
पूमरे/धनबाद

पीआर/01570/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/32


# लिट्टीपाड़ा व महेशपुर में झामुमो का जलवा बरकरार, पाकुड़ में कांग्रेस की रिकॉर्ड तोड़ जीत







**निसात आलम 86029, हेमलाल मुर्मू 26749 व स्टीफन मरांडी 61175 वोटों के अंतर से जीते**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर तीनों विधानसभा के लिए बाजार समिति प्रांगण में काउंटिंग हॉल में शनिवार को मतगणना कड़ी सुरक्षा और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गया। तीनों विधानसभा में एनडीए को बुरी तरह शिकायत मिली। आजसू और बीजेपी को करारी हार का सामना करना पड़ा। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने पिछले प्रदर्शनों को बरकरार रखा और शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पाकुड़ विधानसभा सीट पर जहां कांग्रेस ने लगातार तीसरी और हैट्रिक जीत दर्ज की। वहीं महेशपुर में भी हैट्रिक जीत दर्ज करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी को शिकस्त दिया। जबकि लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट पर भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का जलवा बरकरार रहा। इस बार भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी को हराकर शानदार जीत हासिल करने में कामयाबी पाई। तीनों विधानसभा सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया। पाकुड़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी अजहर इस्लाम को 86029 वोटों के बड़े और रिकॉर्ड अंतर से परास्त किया। निसात आलम ने कुल 1 लाख 55,827 वोट हासिल किया। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम को 69,798 ही मत प्राप्त हुआ। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक अकिल अख्तर को लगातार तीसरी बार हार का मुंह देखना पड़ा और उन्हें महज 47039 वोटों से संतुष्ट होना पड़ा। पाकुड़ विधानसभा सीट के लिए वोटों की गिनती 21 राउंड में संपन्न कराया गया। लिट्टीपाड़ा विधानसभा की बात करें तो झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू को 26749 वोटों से हराया। लिट्टीपाड़ा से जीत दर्ज करने वाले हेमलाल मुर्मू को 88469 वोट मिले। जबकि भारतीय जनता पार्टी के बाबूधन मुर्मू को 61720 वोट मिले। लिट्टीपाड़ा सीट के वोटों की गिनती 15 राउंड में संपन्न हुआ। महेशपुर विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी ने 1 लाख 14,924 वोट हासिल किया। भारतीय जनता पार्टी के नवनीत हेंब्रम को 53749 वोट मिले। इस तरह प्रो. स्टीफन मरांडी ने नवनीत हेंब्रम को 61,175 वोटों के बड़े अंतर से हराया। महेशपुर विधानसभा के वोटों की गिनती 16 राउंड में संपन्न कराया गया।

किसे कितने वोट मिले

पाकुड़ विधानसभा- पाकुड़ विधानसभा सीट से पहले स्थान पर रही कांग्रेस की निसात आलम को 1 लाख 55827, दूसरा स्थान हासिल करने वाले आजसू के अजहर इस्लाम को 69798 तथा तीसरे स्थान पर रहे समाजवादी पार्टी के अकिल अख्तर को 47039 वोट मिले। वहीं निर्दलीय मुकेश कुमार शुक्ला को 6248, सीपीआई (एम) के शेख सैफुद्दीन को 3652, निर्दलीय मो. हनीफ को 3174, निर्दलीय अशरफुल शेख को 2804, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के मो. हंजिला शेख को 1565, निर्दलीय प्रदीप कुमार रजक को 1444, आपकी विकास पार्टी मो. अशरफ अली को 442, लोकहित अधिकार पार्टी के दुवेंदु कुमार मंडल को 355, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के संजय कालिंदी को 324, एआइएमआइएम के हाजी मोहम्मद तनवीर आलम अंसारी को 1391, शिवसेना के शंभू नंदन कुमार को 726, निर्दलीय आनंद तुरी को 610 तथा नवयुग प्रगतिशील मोर्चा के उमर अंसारी को 536 वोट मिले। वही नोटा में 2181 वोट पड़े।

लिट्टीपाड़ा विधानसभा- लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमलाल मुर्मू को 88469 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे भारतीय जनता पार्टी के बाबूधन मुर्मू को 61720 मत प्राप्त हुआ। निर्दलीय निर्मल मुर्मू को 2470, निर्दलीय रास्का हेंब्रम को 1728, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के मार्क बास्की को 1589, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के शिवचरण मालतो को 1585, नवयुग प्रगतिशील मोर्चा के जोहन किस्कू को 1397, निर्दलीय मुन्नी हांसदा को 1112 तथा निर्दलीय प्रमिला मरांडी को 528 वोट मिले। नोटा में 3327 वोट पड़े।

महेशपुर विधानसभा- महेशपुर विधानसभा सीट से जीत हासिल करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रो. स्टीफन मरांडी को 1 लाख 14924 वोट मिले। दूसरे नंबर पर रहे भारतीय जनता पार्टी के नवनीत हेंब्रम को 53749 वोट प्राप्त हुआ। वहीं सीपीआई (एम) के गोपीन सोरेन को 5329, भारतीय आजाद सेना के मिस्त्री सोरेन को 5031, समाजवादी पार्टी के दाऊद मरांडी को 2644, निर्दलीय रफाएल मुर्मू को 2305, निर्दलीय स्टीफन मरांडी को 1566, झारखंड पीपुल्स पार्टी के एलियन हांसदा को 1241, निर्दलीय मदन मुर्मू को 970, अंबेडकर राइट पार्टी ऑफ इंडिया के कामेश्वर हांसदा को 810, निर्दलीय इलियास किस्कू को 807, निर्दलीय इलियास हेंब्रम को 637, निर्दलीय गेब्रियल हेंब्रम को 523, निर्दलीय बुधन मरांडी को 505, निर्दलीय गेब्रियल किस्कू को 399 वोट मिले। वही नोटा में 1304 वोट पड़े।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव प्रचंड बहुमत से हुए विजई

## कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव 34,670 मातो से विजय हुये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा विधानसभा श्रेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने आजसू प्रत्याशी नीरु शांति भगत को 34,670 मतो से पराजित कर जीत कर परचम लहराया। इस दौरान कृषि मार्केट प्रांगण में इंडी गठबंधन के समर्थक और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।बताते चले कि शुरूआती रुझान से हैं इंडी गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव आगे चल रहे थे जो लगातार आगे चलते ही रहे इस दौरान समर्थन तथा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया तो दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता तथा समर्थकों में भारी निराशा दिखाई दी।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की गई। वही कार्यकर्ताओं ने इस जीत को इंडी गठबंधन की ओर से शुरू की गई योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का असर बताया है। इस विधानसभा चुनाव मे कुल 18 राऊंड गिनती हुई। पोस्टल बैलेट सहित कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव को कुल मत 1,13,507 मत प्राप्त हुए।वही एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को 78,837 मत मिले। इस तरह डॉ रामेश्वर उरांव 34,670 मतों से विजय घोषित किए गए।इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सभी समर्थक तथा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी। वही कांग्रेस उम्मीदवार डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने जीत पर उत्साहित दिखे विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को मत क्रमशः बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक) को 704 मत, बृजमोहन उराँव (स्वतंत्र) 448 मत, रमेश उराँव (स्वतंत्र) 656 मत, पवन तिग्गा (लोकहित अधिकार पार्टी झारखण्ड) 767 मत, बिरेन्द्र उराँव (स्वतंत्र) 797 मत, सनीया उराँव (स्वतंत्र) 2602 मत, राजपति देवी (बीजेजेपी) 547 मत, अनिल कुमार भगत (झारखण्ड पीपुल्स पार्टी) 1453 मत, अवधेश उराँव (भारत आदिवासी पाटी) 3159 मत, सोमा उराँव (स्वतंत्र) 1176, संतोष भगत (स्वतंत्र) 747 मत, यशपाल भगत (बहुजन समाज पार्टी) 1354 मत, रामेश्वर लोहरा (स्वतंत्र) 4010 मत, किशोर उराँव, (जेएलकेएम) 1300 मत, राजेश लोहरा (स्वतंत्र) 968 मत तथा नोटा को 908 मत पोस्ट बैलेंट सहित प्राप्त हुए हैं।

## आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके भविष्य को आकार देने के लिए बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास एक महत्वपूर्ण कौशल है : शशिधर लाल अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास संयुक्त रूप से भारत माता,ओम,मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का उद्देश्य बालक-बालिकाओं में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना है एवं भारतीय समाज में उनकी भूमिका से अवगत कराना। वही भैया-बहनों ने इस वर्ग में कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसमें भैया-बहनों के द्वारा कक्षा सह नाम पर परिधान धारण कर उनकी जीवनी का परिचय दिया। बहनों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, निवेदिता, मीरा स्वरूप में प्रस्तुत हुई। हस्तकला, पाक विज्ञान, स्वदेशी वस्त्रों का भी प्रतियोगिता हुआ। भैया बहनों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि आज के पारिवारिक सामाजिक परिवेश में भारतीय संस्कृति मूल्यों को अपनाकर भैया- बहन राष्ट्र के नव निर्माण में प्रमुख योगदान कर सकते है। विद्यालय के आचार्य दिनेश प्रसाद ने भैया बहन को निर्भीक होकर समाज की कुरीतियों का विरोध करने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में आगे आने की बात कही।कार्यक्रम का संचालन आचार्या नीलिमा सिंह ने किया। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ऐतेहासिक जीत पर ऊर्जावान कार्यकर्ताओ एवं मतदताओ को बधाई : रामाधार पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगाः** डॉ0 रामेश्वर उरांव के जीत पर जिला प्रवक्ता रामाधार पाठक ने बयान जारी कर कहा कि यह जीत आम जनता का जीत है। डॉ0 रामेश्वर उरांव एवं कांग्रेस के एक एक कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के पांच सालों की कड़ी मेहनत का फल है कि यह ऐतेहासिक जीत प्राप्त हुई है। कोरोना जैसे कठिन काल मे भी डॉ0 रामेश्वर उरांव आम जनता के साथ खड़ा रहे तथा जनता एवं कार्यकर्ता के सुख दुःख में शामिल रहे, जनता इसको देख रही है और इसी का परिणाम है कि यह ऐतेहासिक जीत हुई है। इस बार के चुनाव एवं परिणाम ने राहुल गांधी जी के नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान को सराहा और यह जीत दर्ज हुई। अब समाज के सभी वर्ग जागृत हो गए जिन्होंने नफरत फैलाने वालों को सिरे से नकार दिया तथा विकास को अपना बहुमत प्रदान किया है। धर्म एवं जात पांत की राजनीति हार गई है और पुनः हम झारखंड के स्मृद्धि और विकास के लिए एक नया अध्याय गढ़ रहे हैं। पुनः कांग्रेस के जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत के सभी नेता एवं कार्यकर्ता, जे एम एम माले समेत सभी गठबंधन के नेतागणों सभी मंच एवं मोर्चा के पदाधिकारियों, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया के सभी बन्धुओ समेत सभी ऊर्जावान साथियो एवं लोकतंत्र का मजबूत आधारस्तम्भ एक एक ऊर्जावान मतदाताओ को कांग्रेस के ऐतेहासिक जीत के लिए बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएँ।

## उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल भुगतान करने की किया अपील

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत विभाग ने मझिआंव, बरडीहा और कांडी प्रखंडों में आयोजित होने वाले बिजली बिल कैंप की तिथियों में बदलाव किया है। कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि मझिआंव बिजली ऑफिस में 24 नवंबर को प्रस्तावित कैंप अब 26 नवंबर को होगा। क्योंकि 24 नवंबर को रविवार होने के कारण कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।खरसोता चार मुहान पर और मझिआंव कार्यालय में 26 नवंबर को कैंप आयोजित किया जाएगा। वहीं, बरडीहा और कांडी के विद्युत सब-स्टेशन पर 20 नवंबर को कैंप लगेगा। कमल कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अपने बकाया बिजली बिल संबंधित कैंप में जमा करें। समय पर भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के सहयोग से विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी हो सकता है।

## कांग्रेस में भीतर घात होने के बावजूद डॉ. रामेश्वर उरांव का खेवन हार बने धीरज प्रसाद साहू



**राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** डॉ रामेश्वर उरांव 34,670 मत प्राप्त कर कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की। इस भारी अंतर से जीत में तब्दील करने के लिए वन मैन लीडरशिप में रहे पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, इन्होंने डॉ रामेश्वर उरांव की जीत को सुनिश्चित करने के लिए वे मुख्य रोल में रहे। श्री साहू ने नामांकन के बाद से ही लगातार लोहरदगा का विधानसभा क्षेत्र में अकेले दम पर भ्रमणकर लोगों से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट डालने की जो अपील किए थे उस पर लोग उनकी प्रतिष्ठा की समान को रखते हुए अपना मत डॉक्टर रामेश्वर उरांव के पक्ष में डाला सबसे मजेदार की बात है कि कांग्रेस पार्टी में भीतर घात होने के बावजूद धीरज प्रसाद साहू ने इस हार को जीत में तब्दील कर यह साबित कर दिया है कि वह कांग्रेस का लोहरदगा सहित पूरे झारखंड एवं पूरे भारत के लिए एक बहुत बड़ा चेहरा है।

## एमबी डीएवी, विद्यालय लोहरदगा में आकस्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सामान्य ज्ञान व सामान्य अंग्रेजी से संबंधित आकस्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषा संचार का प्राथमिक स्रोत है। यह वह तरीका है जिसके माध्यम से हम अपने विचारों को दूसरों के साथ साझा करते हैं। दुनिया में हजारों भाषाएँ हैं, और हर देश की अपनी राष्ट्रीय भाषा होती है। भारत की राजभाषा हिंदी है। हम सभी हिंदी भाषा को प्राथमिकता देते हैं। किंतु वैश्विक दुनिया में,अंग्रेजी के महत्व को नकारा और अनदेखा नहीं किया जा सकता है। अंग्रेजी आम भाषा के उद्देश्य को पूरा करती है। यह विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, शिक्षा, यात्रा, पर्यटन आदि में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बनाए रखने में मदद करती है। अतः विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा की बारीकियों के ज्ञान के स्तर को परखने तथा उन्हें सीखने के प्रति उत्सुकता जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान कक्षा तीसरी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के मध्य आकस्मिक सामान्य अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पांचवी का छात्र सात्विक शौर्य, कक्षा छठवीं की छात्रा हर्षिता कुमारी, कक्षा सातवीं की छात्रा श्रेया कुजूर विजित हुए। इसके अतिरिक्त शिक्षक काजल रॉय द्वारा दिए गए दीवाली रिपोर्ट परियोजना कार्य के विजेताओं का चयन भी माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा किया गया जिसमें कक्षा आठवीं की अंतरा कुमारी साहू, चांदनी उरांव, अनिशा कुमारी, जोशीका भगत, पायल कुमारी व कक्षा नौवीं की छात्रा तनीषा कुमारी ने विजय प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विज्ञानः वरदान या अभिशाप वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में विज्ञान वरदान या अभिशाप विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कक्षा चौथी, पांचवी एवं कक्षा छः के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पक्ष की ओर से महालक्ष्मी कुमारी, अर्वंतिका कुमारी, निहाल कुमार एवं विपक्ष की ओर से पंकज लोहरा, सूर्यांश कुमार, एवं देव कुमार थे दोनों पक्ष ने अपने-अपने विचारों को एक दूसरे के समक्ष रखा। पक्ष की ओर से महालक्ष्मी कुमारी ने कहा कि विज्ञान मनुष्य जीवन के लिए वरदान है इस पर कुछ मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की जैसे विज्ञान आज मानव जीवन के लिए वरदान साबित हो रहा है क्योंकि आज के इस आधुनिक युग में मनुष्य की तरक्की के पीछे विज्ञान का ही हाथ है। विज्ञान ने ऐसी ऐसी चीजों का आविष्कार किया है जिसने हमारे दैनिक जीवन के काम को आरामदायक एवं सरल कर दिया है साथ ही साथ समय की भी बचत होती है विज्ञान ने मानव जीवन में कई तरह की सुविधाएं दी हैं विज्ञान की वजह से ही आज हम हवाई जहाज से उड़ सकते हैं महासागरों में नौकायन कर सकते हैं और भूमिगत यात्रा कर सकते हैं। विज्ञान ने कंप्यूटर, मोबाइल इत्यादि जैसे उपकरणों का आविष्कार किया है जिसके कारण हमारा जीवन सरल हो गया है इस पर विपक्ष की ओर से वार करते हुए पंकज लोहरा ने कहा कि आजकल की युवापीढ़ी और बच्चों की बर्बादी का सबसे बड़ा कारण मोबाइल है क्योंकि मोबाइल और कंप्यूटर जैसे उपकरणों के कारण आज के बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो जा रहे हैं क्योंकि मोबाइल के वजह से ही वे अत्यधिक समय खेलने की बजाय मोबाइल देखने में व्यतीत करते हैं। इस पर प्रहार करते हुए पक्ष ने कहा कि विज्ञान के कारण मनुष्य धरती से चंद्रमा तक की यात्रा कर सकते हैं अगर विज्ञान नहीं होता तो यह सब मुमकिन नहीं हो पता। दोनों पक्षों ने जोरदार एक दूसरे पर प्रहार करते हुए अपनी अपनी बात कहा। अंत में निर्णायक मंडली द्वारा विज्ञान वरदान है के पक्ष टीम को विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्या शोभा रानी साहू, एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थितथे।

## झामुमो के जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद के नेतृत्व में निकाला गया विजय जूलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया। मतगणना के दरम्यान हीं जेएमएम कार्यकर्ताओं ने दोपहर से हीं आतिशबाजी एवं नारेबाजी शुरु कर दी थी। महागठबंधन के कांग्रेसी प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव एनडीए के आजसू प्रत्याशी नीरु शांति भगत को 34,670 मतों से पराजित किया है। राज्य में जेएमएम का बेहतर प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। जिलाध्यक्ष का मानना है कि प्रदेश का मतदाता काफी परिपक्व है। विशेषकर महिला मतदाताओं ने बिना डिगे हेमंत सरकार को हाथों हाथ लिया। मईया सम्मान योजना महिला मतदाताओं को काफी प्रभावित किया।


झारखंड में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर समस्त झारखंड वासियों और लोहरदगा वासियों का आभार
अमित कुमार, निर्वाची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा से प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए विजयी प्रत्याशी रामेश्वर उराँव (इंडियन नेशनल कॉंग्रेस)
निवेदक
धीरज साहू
पूर्व राज्यसभा सांसद, झारखंड